26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 23 सितम्बर, 2026

अंक- 329 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास

## एशियाड में भारोत्तोलन में भारत को 28 साल बाद दिलाया पदक, 198kg वजन उठाकर जीता रजत



**आइची-नागोया (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत की स्टार एथलीट मीराबाई चानू ने आज एशियाई खेलों में महिलाओं की 49 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 198 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीत लिया है। इसी के साथ उन्होंने इस स्पर्धा में पदक जीतने के 28 साल के सूखे को समाप्त कर दिया। इससे पहले 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने रजत पदक जीता था। टोक्यो 2020 ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई चानू ने नागोया सिटी ट्रेड एंड इंडस्ट्री सेंटर में कुल 198 किग्रा (87 किग्रा स्नैच 111 किग्रा क्लीन एंड जर्क) का भार उठाकर एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीता। इस भारतीय वेटलिफ्टर को हांगझोऊ 2023 में मेडल जीतने का मौका हाथ से निकल जाने का दुखद अनुभव हुआ था, जब आखिरी क्लीन एंड जर्क प्रयास के दौरान चोट लगने के कारण वे चौथे स्थान पर रही थीं।

मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन और दो बार की एशियाई खेलों की चैंपियन, उत्तर कोरिया की री सोंग-गम ने 215 किग्रा (94 किग्रा 121 किग्रा) के कुल भार के साथ फिर से स्वर्ण पदक जीता, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। उनके स्नैच और क्लीन एंड जर्क, दोनों प्रयास इस वेट कैटेगरी में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड थे। इंडोनेशिया की लुलुक डायना ट्राई विजयाना ने 191 किग्रा (88 किग्रा 103 किग्रा) के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

मीराबाई चानू ने अपने स्नैच प्रयासों में बेहतरीन प्रदर्शन किया और बिना किसी खास परेशानी के 83 किग्रा, 85 किग्रा और 87 किग्रा का भार सफलतापूर्वक उठाया। क्लीन एंड जर्क राउंड में री सोंग-गम और लुलुक डायना ट्राई विजयाना से पीछे रहने के बाद, मीराबाई चानू ने 107 किग्रा का भार सफलतापूर्वक उठाकर शुरुआत की और फिर इसे बढ़ाकर 111 किग्रा कर दिया। उन्होंने तीसरा प्रयास नहीं किया।

ओलंपिक, वर्ल्ड और एशियाई चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने के बावजूद, एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट था जहां मीराबाई ने आइची-नागोया 2026 से पहले कभी पोडियम पर जगह नहीं बनाई थी। भारत ने एशियाई खेल 2026 में पदक जीतने के लिए चार सदस्यों वाली वेटलिफ्टिंग टीम भेजी है। आज बाद में ज्ञानेश्वरी यादव महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में हिस्सा लेंगी।

## भारतीय पुरुष कबड्डी टीम बांग्लादेश को 48-25 से हराकर सेमीफाइनल में

**आइची- नागोया (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत ने आज बंगलादेश पर 48-25 की शानदार जीत के साथ आइची-नागोया में हो रहे 2026 एशियाई खेलों के पुरुष कबड्डी सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह ग्रुप स्टेज में उनकी लगातार तीसरी जीत थी।

आज यहां टोकाई सिटिजन्स जिम्नेजियम में खेले गये ग्रुप ए के अपने तीसरे मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बार-बार बंगलादेश के डिफेंस और अटैक को भेदते हुए पहले हाफ में 18 'आउट पॉइंट्स' और सात 'बोनस पॉइंट्स' हासिल किए। डिफेंस और रेडिंग यूनिट के शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले हाफ में दो बार 'ऑल-आउट' भी किया, जिससे उनकी बढ़त और भी मजबूत हो गई। बंगलादेश के लिए, भारतीय डिफेंस के खिलाफ लगातार अच्छा खेल दिखाना मुश्किल रहा; शुरुआती दौर में वे केवल पांच 'आउट पॉइंट्स' और तीन 'बोनस पॉइंट्स' ही हासिल कर पाए। एक 'सुपर टैकल' से उन्हें एक अतिरिक्त पॉइंट मिला, लेकिन भारत के हरफनमौला दबदबे के कारण हाफ-टाइम तक वे 29-9 की बड़ी बढ़त बना चुके थे।


## भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने जताया पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 71 सीटों पर जीत का भरोसा



**सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और ऊर्जा से मजबूत संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में पश्चिम क्षेत्र की सभी 71 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने यह बात सहारनपुर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कही। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक क्षेत्र में 71 विधानसभा सीटें हैं। श्री नवीन ने चुनाव में भाजपा का चेहरा कौन होगा, इस सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में तमंचा और भ्रष्टाचार की संस्कृति थी।

## चुनाव से पहले ही सपा में मंत्री पदों का बंटवारा- राजभर

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के बयान को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुये कहा कि विधानसभा चुनाव अभी हुआ नहीं है, लेकिन सपा में मंत्री पद और विभागों के बंटवारे के सपने देखे जाने लगे हैं। श्री राजभर ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में सरोज के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनने पर उन्हें मंत्री बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। सरोज ने कहा था कि जब वह पार्टी के बुरे दिनों में उसके साथ खड़े रहे हैं तो बड़े मंत्री भी वही बनेंगे। सुभासपा अध्यक्ष ने सरोज की जेसीबी, डंपर और बालू खनन को लेकर की गई टिप्पणी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए, पूछा कि चुनाव से पहले ही मंत्री पदों और कार्यकर्ताओं को जेसीबी-डंपर लगाकर बालू-मिट्टी खोदने की छूट देने की चर्चा क्यों होने लगी है।




बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

चिंगारी

(सांध्य दैनिक) बिजनौर, 23 सितम्बर 2026


# हिंदू मां बीमार बच्ची की मदद को जामा मस्जिद पहुंची

## नमाजियों ने दिल खोलकर मदद की

**नई दिल्ली ( चिंगारी )।** दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के बाहर से आई इन तस्वीरों ने करोड़ों दिलों को जीत लिया है, एक बेबस हिंदू माँ, अपनी जिगर के टुकड़े एक मासूम बीमार बच्ची की जान बचाने के लिएए आँखों में आँसू और उम्मीद लिए मस्जिद की चौखट पर पहुँची थी। उस माँ के लिए न कोई मंदिर दूर थाए न कोई मस्जिद पराई थी उसे तो बस अपनी बच्ची के लिए दुआएँ और इलाज के लिए मदद चाहिए थी और फिर जो हुआ, उसने साबित कर दिया कि नफरत चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, मोहब्बत और इंसानियत को कभी हरा नहीं सकती। जैसे ही नमाज खत्म हुई, मस्जिद से बाहर आने वाले नमाजियों और आम लोगों ने बिना एक पल गंवाए इस हिंदू माँ और उसकी मासूम बच्ची की मदद के लिए अपने हाथ बढ़ा दिए किसी ने बच्ची का जात-पात नहीं पूछा, किसी ने उसका धर्म नहीं देखा वहाँ मौजूद हर शख्स की आँखों में बस एक ही तड़प थी इस मासूम की जान बचाना।

**लोगों ने दिल खोलकर, भर-भरकर मदद के डिब्बे में पैसे डाले और उस माँ की झोली को दुआओं और उम्मीदों से भर दिया जामा मस्जिद जैसी पाक जगहें गवाह हैं कि यहाँ जब भी कोई उम्मीद लेकर आता हैए तो उसकी झोली कभी खाली नहीं रहती यह तस्वीरें चीख.चीख कर कह रही है कि संकट की घड़ी में हम सब पहले इंसान हैंए और एक.दूसरे का हाथ थामना ही हमारा सबसे बड़ा सवाब, पुण्य है। इस अटूट एकता और बेमिसाल इंसानियत को दिल से सलाम!**



# कैंसर पीड़ित को ठीक करने के झांसे में लेकर 25 लाख हड़पने का आरोप

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम हीमपुर पछातपुरा निवासी सावित्री पत्नी तेजपाल सिंह ने एसपी को भेजे पत्र में कहा कि उसके पति लंबे समय से कैंसर से पीड़ित हैं व चलने-फिरने में असमर्थ हैं। महिला का आरोप है कि अप्रैल महीने में गांव के सुखलाल ने दावा किया कि वह अपने परिचितों के माध्यम से उनके पति का कैंसर ठीक करा सकता है। इसके बाद सुखलाल, विनीत, विशाल निवासी नजीबाबाद व बिजेंद्र भगत निवासी गूढ़ा सराय उनके घर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने इलाज व झाड़-फूंक के नाम पर परिवार को भयभीत करना शुरू कर दिया। परिवार पर संकट व सदस्य की मौत का डर दिखाकर अप्रैल से अब तक अलग-अलग किश्तों में करीब 15 लाख रुपये नकद व 10 लाख रुपये ऑनलाइन बैंक ट्रांसफर के जरिए ले लिए गए। आरोप है कि रकम देने के बावजूद पति की हालत में सुधार नहीं हुआ, बल्कि स्थिति बिगड़ती चली गई। आरोपियों के दबाव और झांसे में आकर पीड़िता को अपने परिवार के गुजारे का सहारा छह बीघा कृषि भूमि भी बेचनी पड़ी। इसके बाद भी आरोपियों द्वारा डेढ़ लाख रुपये और मांगने तथा रकम न देने पर परिवार के सदस्य की मौत की धमकी देने का आरोप है। पीड़िता का यह भी कहना है कि आरोपी घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट करते हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।

# जसजीत कौर को गुलदस्ता देकर स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौ. फुरकान खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम बिजनौर जसजीत कौर से मुलाकात कर उनका गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भारतीय किसान संगठन एकता के जिलाध्यक्ष जाबिर, देहरादून ग्रामीण के जिलाध्यक्ष अतीक अहमद, प्रदेश सचिव अफसर कुरैशी, जिला विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मौहम्मद शादाब आदि मौजूद रहे।




डीएम जसजीत कौर को गुलदस्ता देकर स्वागत करते किसान।

# एसआईआर से जुड़े सभी निर्णय पूरे तालमेल और सर्वसम्मति से लिये गये- चुनाव आयोग

नयी दिल्ली, 23 सितंबर (वार्ता) चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) से संबंधित आयोग के सभी निर्णय पूरे तालमेल और सर्वसम्मति से लिये गये हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम जाहिर न किए जाने की शर्त पर यूनीवार्ता से कहा, 'चुनाव आयोग के सभी फ़ैसले, जिनमें 'एसआईआर' के फैसलेभी शामिल हैं, सर्वसम्मति से और दोनों चुनाव आयुक्तों तथा मुख्य चुनाव आयुक्त की मंज़ूरी से लिये गए हैं।' अधिकारी ने मीडिया के कुछ हलकों में प्रकाशित ऐसी रिपोर्ट को निराधार बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के बारे में कई ऐसे फैसले लागू किए जिनमें आयोग के दो अन्य सदस्यों की सहमति नहीं थी। अधिकारी ने कहा कि राज्यों की मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा दो दशक से भी अधिक पहले की गई थी। इस प्रकार की विशेष गहन समीक्षाएं पहले भी होती रही है । इस बार तकनीकी के प्रयोग से यह प्रक्रिया अधिक , ठोस, आसान और व्यापक हुई है जिसमें अब तक विभिन्न राज्यों में जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। अधिकारी ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को ठीक करना है, किसी पात्र नागरिक का नाम काटना नहीं है। आयोग की कवायद रहती है कि मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति का नाम न छूटे।




अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर

मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026

# दशलक्षण पर्व के आठवें दिन जैन मुनि ने उत्तम त्याग पर प्रकाश डाला


दिगंबर जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

**नहटौर (चिंगारी)।** सकल जैन समाज नहटौर के तत्वावधान में चल रहे दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन आज बुधवार को मंदिर परिसर मे जैन मुनि विव्रत सागर ने उत्तम त्याग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तम त्याग धर्म की पूजा की जाती है, जिसमें सांसारिक वस्तुओं के लिए लोभ से विरत रहकर त्याग और और आसक्ति से मुक्ति का अभ्यास किया जाता है। इस दिन भक्त जिन मंदिरों में जाकर प्रभु से ऐसी शक्ति की प्रार्थना करते हैं। आगे कहा कि उत्तम त्याग का अर्थ है सच्चे मन से आंतरिक कषायों (विकारों) और मिथ्यात्व का त्याग करना।

बुधवार को दिगंबर जैन मंदिर परिसर में दशलक्षण पर्व पर जैन समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। जैन मुनि विव्रत सागर ने उत्तम त्याग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व सांसारिक मोह माया और वस्तुओं से विरक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास से आत्मा को शुद्ध किया जाता है और मोक्ष की और बढ़ने का प्रयास किया जाता है। भक्त भगवान से ऐसी शक्ति की याचना करते हैं, जिससे वे सब कुछ त्याग कर सकें जो आवश्यक न हो और किसी का हृदय न दुखे। इस दिन भक्त जिन मंदिरों में जाते हैं और पूजा अर्चना करते हैं वे उत्तम त्याग धर्म के महत्व को समझकर इस भावना के साथ तपस्या करते हैं।

इससे पूर्व मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकल गई, जो नगर के निर्धारित मार्गो से होती हुई मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। प्रबंधक राजीव जैन, जितेंद्र जैन, पुनीत जैन, नितिन जैन, पंकज जैन, अभिनय जैन, विनय जैन, डॉ. अंकुर जैन, शैलेन्द्र जैन, राजेश जैन, निकुंज वशं जैन, अचल जैन, हिमानी जैन, संदीप जैन, पारस जैन विवेक जैन, सौरभ जैन, आदि ने भाग लिया। इसके अलावा भगवान ऋषभनाथ मंदिर परिसर में भी जैन समाज के लोगों ने मंदिर में पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान क्रिया के साथ पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। गांव बल्दाना पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मैं भी जैन पंडित सनमति ने धार्मिक अनुष्ठान क्रिया के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर शुभम जैन, अंकुर जैन, हैप्पी जैन, सनी जैन आदि ने पूजा में भांग लिया।

# नई सिविल बार एसोसिएशन का गठन होगा



**बिजनौर (चिंगारी)।** जजी परिसर स्थित राजेंद्र कुमार टिकैत एड. की अध्यक्षता एवं उनके चेंबर पर और वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट के संचालन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि सिविल में वकालत करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ गई है और सिविल के अधिवक्ताओं की समस्याओं के निदान के लिए सिविल बार एसोसिएशन का गठन किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि शीघ्र ही कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन कर कर नई सिविल बार एसोसिएशन बनाई जाएगी तथा नियमानुसार संगठन को पंजीकृत कराया जाएगा। बैठक के दौरान देवेंद्र कुमार एडवोकेट, शमशेर सैनी एडवोकेट, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, सज्जाद एडवोवेट, फहीम एडवोकेट नासिर एडवोकेट, अंबिका राणा एडवोकेट, शेर अली खान एडवोकेट, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, शिवकुमार भोले एडवोकेट, रवि पाल एडवोकेट, शेर अली खान एडवोकेट आदि अधिवक्ताा उपस्थित रहे।

# पति गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** तीन दिन पहले ग्राम सलेमपुर गधेली में रंजू देवी नामक महिला का शव घर में छत के पंखे से लटका मिला था। इस मामले में मृतका के पति सहित आठ लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी पति मोनू उर्फ नौनिहाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रंजू देवी ने अपने कथित उत्पीड़न से परेशान होकर 20 सितम्बर की रात्रि को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। रंजू की माता सुमन देवी पत्नी ब्रजपाल निवासी ग्राम मुकुंदपुर थाना बढ़ापुर की तहरीर पर पुलिस ने पति मोनू तथा जेठ, जेठानी, ससुर व देवरानी सहित आठ लोगों के विरूद्ध दहेज के लिए उत्पीड़न करने व आत्महत्या को मजबूर करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी पति को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## संबंध-विच्छेद

मेरे पुत्र मौ. इजहार, मौ. इरशाद व मौ. नौशाद गलत संगत में पड़ गए हैं। इन्हें मैंने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि उपरोक्त पुत्र गलत कार्य करते हैं तो मेरा कोई मतलब वास्ता व जिम्मेदारी नहीं होगी।

**– करामुतुल्ला पुत्र अहमदुल्ला, निवासी मोहल्ला झोजियान, बढ़ापुर, जनपद बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मो. शहजाद मलिक व उसकी पत्नी साजिया मलिक जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। भविष्य में यह दोनों किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**– मो. रईस मलिक पुत्र मो. रमजानी मलिक निवासी चांदपुर की चुंगी, सिरधनी रोड, शहबाजपुर रवाना मदीना मस्जिद के पास, जिला बिजनौर**




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बढ़ती अश्लीलता, घटती संवेदनशीलता

एक समय था, जब भारतीय समाज में अश्लीलता बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं थी। लेकिन आज चारों तरफ अश्लीलता का बोलबाला है। पहले कभी किसी मूवी में अगर किसी अभिनेत्री का बिकिनी में सीन आ जाता था तो उसकी चर्चा पूरे समाज में हो जाती थी। लेकिन आज तमाम फिल्मों में अश्लील दृश्यों की भरमार रहती है। इसके बावजूद न फिल्म सेंसर बोर्ड कुछ करता है, न सरकार कोई कदम उठाती है और न समाज में गंभीर चर्चा होती है। कहना न होगा कि अश्लीलता को लेकर अब पानी सिर से ऊपर हो चुका है। मासूम बच्चों को भी अश्लीलता की भेंट चढ़ाया जा रहा है। कुछ दशक पहले इंटरनेट पर सूचनाएं और जानकारियां साझा करने की शुरुआत हुई तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह माध्यम कभी चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कृत्यों को बढ़ावा देने में भी इस्तेमाल होगा। यूं तो आज अश्लीलता चारों ओर ही दिखती है, पर अब टीवी और सिनेमा ही नहीं, इंटरनेट के जरिए भी अश्लीलता घर-घर जा पहुंची है। विशेषकर बाल अश्लीलता, जो बाल शोषण का ही एक रूप है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस विषय में चिंता जाहिर की है। उच्चतम न्यायालय ने इंटरनेट पर अश्लील सामग्री मुहैया करवाने वाली इंटरनेट साइट्स की बढ़ती संख्या पर अपनी विचारणीय टिप्पणी की है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि इस समस्या का समाधान खोजा जाए। उच्चतम न्यायालय ने विशेष रूप से चाइल्ड पोर्न साइट्स को ब्लॉक करने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब आए दिन किशोरों और कम उम्र के अपराधियों द्वारा वीभत्स कृत्यों को अंजाम देने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। समाज के सभी वर्ग का मानना है कि नाबालिगों के इस कुत्सित व्यवहार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इंटरनेट आदि पर बिखरी अश्लीलता पोषित करती है। मनोवैज्ञानिक रूप से ये पोर्न साइट्स बच्चों को जाल में फंसाकर कामुकता को बढ़ावा देती है। इतना ही नहीं, इंटरनेट पर बच्चों के अश्लील क्लिप्स को देखने की मांग के चलते बच्चों को पोर्न व्यापार में भी धकेला जाता है। अश्लीलता का यह भयावह रूप आज के समय का कटु सच है।

# लड़की होना कहां आसान होता है..!

बचपन से ही एक बेटी अपने घर की राजकुमारी होती है।बाबा की लाडली, माँ की दुलारी और भाइयों की प्यारी बहन। बचपन में जब भाइयों से उसकी लड़ाई होती है, तो बाबा भाइयों को डांटते हुए कहते हैं यह घर तेरा ही तो है बेटी

वह नन्हीं-सी गुड़िया अपने घर की हर चीज़ को अपना समझकर बड़ी होती है। कभी माँ की गोद में, कभी बाबा की उंगली पकड़कर, तो कभी भाइयों के साथ हँसते-खेलते हुए उसका बचपन बीत जाता है।



**लड़की होना भी कहाँ आसान होता है..**

बाबा उसे राजकुमारी की तरह पालते हैं। उसकी छोटी-सी इच्छा भी उनके लिए बड़ी होती है। वह हर चीज़ को अपना कहती है मेरा घर, मेरे बाबा, मेरी मां, मेरे भाई और देखते ही देखते वही नन्हीं-सी गुड़िया बड़ी हो जाती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

जैसे-जैसे वह बड़ी होती है, उसके कंधों पर जिम्मेदारियां भी बढ़ने लगती हैं। घर से बाहर निकलती है तो दुनिया की नजरों का डर, हर कदम पर खुद को साबित करने की जिद,और अपने लिए एक पहचान बनाने का सपना इन सबके बीच वह मुस्कुराना सीखती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

वह मजबूत बनती है, अपने सपनों के लिए लड़ना सीखती है और अपने परिवार का नाम रोशन करने की कोशिश करती है। लेकिन जिंदगी का सबसे कठिन दिन तो तब आता है, जब उसे उसी घर से विदा होना पड़ता है जिसे उसने अपना संसार समझकर जिया था।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

जिस आँगन में उसने बचपन बिताया जिस दरवाजे पर खड़े होकर उसने अपने बाबा का इंतजार किया, जिस कमरे में उसकी हँसी गूँजा करती थी एक दिन उसे सब पीछे छोड़कर जाना पड़ता है। उस दिन बाबा की आँखें भी नम हो जाती हैं।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

जिस बेटी को उन्होंने कभी अपनी उंगली पकड़कर चलना सिखाया था,आज उसी का हाथ किसी और के हाथ में सौंपना पड़ता है। बाबा के लिए वह सिर्फ बेटी नहीं होती, वह उनके जिगर का टुकड़ा होती है। और फिर एक अजीब-सा पल आता है...

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

कुछ ही पलों में उसे अपनों से दूर होकर परायों को अपना बनाना होता है। जिन लोगों को उसने कभी देखा तक नहीं, उन्हें अपने रिश्तों में जगह देनी होती है, जो घर कल तक उसका अपना था उसे पीछे छोड़कर एक नए घर को अपना कहना होता है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

जिस भाई के साथ बचपन से लड़ती थी, जिस मां से हर छोटी-बड़ी बात कहती थी, जिस बाबा से अपनी हर इच्छा मनवाती थी उन सबको छोड़कर उसे एक नई जिंदगी शुरू करनी होती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

जिनके साथ उसने अपना बचपन और जवानी बिताई, एक दिन वही लोग उसकी यादों का हिस्सा बन जाते हैं।नन्हीं-सी गुड़िया बड़ी हो जाती है और बाबा की एक बड़ी जिम्मेदारी भी पूरी हो जाती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

लेकिन उस विदाई के बाद भी बेटी का रिश्ता खत्म नही होता। वह दूर जरूर चली जाती है मगर उसके दिल में अपने मायके का आंगन हमेशा जिंदा रहता है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

उसे आज भी याद रहता है बाबा की वह आवाज़, माँ का वह आंचल,भाई से हुई वह छोटी-सी लड़ाई, और वह घर जहां कभी उसे कहा गया था।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

वह जन्म से ही रिश्ते जोड़ना सीखती है,और एक दिन उन्हीं रिश्तों से दूर होकर नये रिश्तों को अपना बनाना सीखती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

वह बेटी भी होती है, बहन भी, पत्नी भी, मां भी लेकिन इन सबसे पहले वह किसी की लाडली बेटी होती है।

**लड़की होना भी कहां आसान होता है..**

एक बेटी की सबसे बड़ी कहानी यही होती है वह घर छोड़ती है, लेकिन अपना घर कभी नहीं छोड़ती। वह दूर चली जाती है, लेकिन अपने लोगों को अपने दिल से कभी दूर नहीं करती।



**लड़की होना सच में कहां आसान होता है..**

**▶▶ अंशु कर्णवाल**
ग्राम झलरा (बिजनौर)

# पिता और बेटी का रिश्ता : स्नेह, समर्पण और एक अनोखी दुनिया

बेटियां बोझ नहीं, बल्कि घर की रौनक और पिता के दिल का सबसे खूबसूरत टुकड़ा होती हैं।

पिता और बेटी का यह रिश्ता शब्दों की सीमाओं से परे है। बेटी पिता की कमज़ोरी भी है और उसकी सबसे बड़ी ताक़त भी। जिस घर में बेटी की किलकारियां गूंजती हैं, वह घर महज़ एक घर न रहकर मंदिर बन जाता है।

पिता और बेटी का रिश्ता इस दुनिया के सबसे पवित्र, कोमल और गहरे रिश्तों में से एक माना जाता है। एक बेटा जहां बुढ़ापे का सहारा माना जाता है, वहीं बेटी पिता के जीवन में वह रोशनी है, जो उसके भीतर के कठोर पुरुष को एक संवेदनशील और कोमल इंसान बना देती है। एक पिता के जीवन में बेटी की भूमिका केवल एक संतान की ही नहीं होती, बल्कि वह उसकी प्रेरणा, उसका अभिमान और उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। एक पिता अपनी पूरी ज़िंदगी परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने की दौड़-धूप में निकाल देता है। ऐसे में बेटी का एक प्यार भरा मुस्कुराता चेहरा या उसकी एक प्यारी सी बात पिता की सारी थकान पल भर में दूर कर देती है। समाज अक्सर पुरुषों को अपनी भावनाएं, विशेषकर आंसू और कमज़ोरियां छुपाने की सीख देता है। लेकिन बेटी के सामने एक पिता बिना किसी संकोच के अपनी कमज़ोरी, अपनी खुशी और अपने आंसू खुलकर साझा कर सकता है। बेटी की छोटी-सी सफलता, उसकी शिक्षा और उसके संस्कार पिता के सीने को गर्व से चौड़ा कर देते हैं। समाज में जब लोग बेटी की तारीफ करते हैं, तो पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है। समय आने पर एक बेटी ने हमेशा यह साबित किया है कि वह जरूरत पड़ने पर बेटों से भी बढ़कर अपने माता-पिता का संबल बनती है। बेटियां स्वभाव से बहुत संवेदनशील और देखभाल करने वाली होती हैं, जो माता-पिता के सुख-दुख को सबसे पहले समझती हैं।

### फूल जैसी होती है बेटियां

बेटी उस फूल जैसी होती है जो हमेशा खिल कर अपनी खुशबू से दूसरों को महकाता रहता है। बेटी उस नदी की तरह भी होती है जो निरंतर बहती रहती है और रास्ते की तमाम बाधाओं को पार कर जाती है। बेटी उस सितारे जैसे भी होती है जो चमकता रहता है और दूसरों को राह दिखाता है। बेटी एक प्रेरणा एक आदर्श और एक खूबसूरत सपना होती है जो सपनों को पंख देती है। बेटी एक अनमोल रत्न होती है जो घर को खुशियों से भर देती है। बेटी यह खूबसूरत कविता भी होती है जिसे पिता हमेशा गुनगुनाता रहता है इतना ही नहीं बेटी एक पिता की ताकत, अभिमान और सबसे बड़ा सहारा भी होती है।



### बेटी के लिए सब कुछ न्यौछावर करने को तैयार रहता है पिता

यह बात बिल्कुल सत्य है कि एक पिता अपनी बेटी की खुशी के लिए अपनी इच्छाओं, सपनों और यहाँ तक कि अपनी जान की बाज़ी लगाने से भी पीछे नहीं हटता।

दुनिया का हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या स्वार्थ पर टिका हो सकता है, लेकिन पिता का प्रेम पूरी तरह से नि:स्वार्थ होता है। वह अपनी बेटी की हर एक खामोश ज़रूरत को बिना कहे समझ जाता है। बेटी चाहे कितनी भी बड़ी हो जाये या किसी बड़े पद पर पहुंच जाये लेकिन पिता के लिए वह हमेशा वही छोटी गुड़िया रहती है। वह अपनी बेटी को हर मुसीबत, हर आंधी और हर बुरी नज़र से बचाने के लिए ढाल बनकर खड़ा रहता है। एक पिता अपनी पसंद की कोई चीज़ नहीं खरीदेगा, लेकिन बेटी की हर छोटी-बड़ी मांग को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार रहता है उसका सबसे बड़ा सपना अपनी बेटी को एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और खुशहाल ज़िंदगी देना होता है।

**▶▶ संजीव मिश्रा**
संवाददाता बिजनौर टाइम्स हल्दौर

# डायट इस्माईलपुर में कला प्रदर्शनी ने दर्शकों का मन मोह लिया





**बिजनौर ( चिंगारी )।** डायट इस्माईलपुर बिजनौर में शिक्षक शिक्षा योजना के अंतर्गत हमारी परंपरा और संस्कृति संबंधी कला प्रदर्शनी एवम् संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें जनपद बिजनौर के प्रत्येक ब्लॉक से शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लगभग 150 शिक्षकों ने डायट इस्माईलपुर के सभागार में अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रभारी डायट प्राचार्य श्रीमती डॉली सिकरवार द्वारा फीता काटकर कर किया गया डायट प्राचार्य और वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार, अजय सिंह और पुष्पेंद्र सिंह ने प्रदर्शनी में लगे चित्रों को देखा और शिक्षकों की सराहना की गई। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं से संबंधित पेंटिंग और हैंडीक्राफ्ट लगाए गए वर्ली, मधुबनी,कलमकारी कोहबर, मांडना, सांझी लीपन आर्ट, मंडला आर्ट क्रिएटिव पेंटिंग्स प्रदर्शनी में लगायी गयी। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि श्री अमित कुमार उपायुक्त उद्योग विभाग बिजनौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि श्री अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि श्री सचिन कसाना बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर विषय विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीरू विभागाध्यक्ष चित्रकला विभाग रानी भाग्यवती पी.जी. कॉलेज बिजनौर ने चित्रकला प्रदर्शनी में लगे चित्रों को विजिट किया और सभी प्रतिभागियों को पटका ओढ़ाकर और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों को हमारी परंपरा,कला,संस्कृति के प्रति जागरूक करना था। शिक्षक कलाकारों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभागार गूँज रहा था। सभी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ताओं में कुलदीप कुमार त्यागी, श्रीमती प्रीति रानी, जयदीप कुमार, डॉ. अभिषेक यादव डॉ. ममता रानी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता श्रीमती मेघा शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. निशा रानी प्रवक्ता डायट ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह दो दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही मनोयोग और धूम धाम से किया गया। जिसमें जनपद के माध्यमिक ओर बेसिक स्कूलों के प्रतिभाशाली शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की में स्वागत गीत,शंखनाद, सामूहिक नृत्य,शिव तांडव, कत्थक, योगगीत ,कठपुतली, कजरी बिहू, मिमिक्री, रामायण,कृष्ण लीला, गायन, वादन, कविता, रागनी, बारहमासा, लोक गीत,देशभक्ति गीत एवम् भजनों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रमों पर मनमोहक

# बुर्कानशीन महिला ने आर्टिफिशियल हार और सलवार-सूट किया चोरी

## मीना मार्केट में दो वारदातों को दिया अंजाम



**नगीना ( चिंगारी )।** मीना मार्केट में एक बुर्कानशीन महिला द्वारा खरीददारी करने के बहाने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। महिला एक युवक के साथ बाइक से आती है और फिर बिना सामान खरीदे सामानों की चोरी कर चली जाती है।

मोहल्ला पंजाबियान में मीना मार्केट, कपड़े, जूते चप्पल, सौंदर्य प्रसाधन, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि की खरीददारी के लिए महिलाओं का पसंदीदा है। 13 सितंबर को एक महिला अपने पुरुष साथी के साथ नौमान की आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान पर पहुंची। दोनों ग्राहक बनकर दुकान में सामान देखने लगे। इसी दौरान महिला ने दुकान में रखे आर्टिफिशियल ज्वेलरी को देखा। मौका मिलते ही उसने एक आर्टिफिशियल हार चोरी कर लिया। बाद में जब दुकान में रखे सामान का मिलान किया गया तो एक हार गायब मिला। दुकानदार नौमान ने स्टाफ से इस बारे में पूछताछ की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगाली गई। रिकॉर्डिंग में महिला सामान देखते और हार चोरी करते नजर आई। नौमान ने बताया कि आर्टिफिशियल हार की कीमत तीन हजार रुपये है।

आरोप है कि के दिन बाद वह महिला एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची। महिला ने दुकान में फैंसी सलवार सूट देखने शुरू किए। दुकानदार का ध्यान सामान दिखाने में लगा हुआ था। इसी दौरान महिला ने सलवार-सूट का कपड़ा चोरी कर लिया। देर शाम को जब दुकान में सामान का मिलान किया गया तो फैंसी सलवार सूट गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज में महिला की गतिविधियां रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है।

उधर, नगीना थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों दुकानदारों ने सीसीटीवी फुटेज दिखाएं हैं। सलवार सूट बेचने वाले दुकानदार ने लिखित शिकायत दी है दोनों घटनाओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# गणेशोत्सव में हुआ भण्डारा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** शिवाजी मार्केट स्थित शिव मूर्ति पर मनाए जा रहे गणेशोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । विधिवत रूप से पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया, जिसके बाद भंडारे मे प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा,मनोज छाबड़ा पंकज छाबड़ा, शोभित रस्तोगी, राजीव गहलोत, सुनील वर्मा आशु टाइगर, अभि रस्तौगी, पारस वर्मा, मोहित रस्तोगी,यश वर्मा, राजीव महेश्वरी, अंकित रस्तौगी, लोकेश रस्तौगी, जागेश रस्तौगी, अतुल महेश्वरी, सागर रस्तौगी, पियुष रस्तौगी, रोहित गुप्ता सहित अनेक लोगों ने अपना योगदान दिया।

# गणेशोत्सव में हुई भजन संध्या



**नगीना ( चिंगारी )।** हिंदू युवा गणपति मंडल , मोहल्ला हिन्दू कटेरा नगीना के द्वारा गणपति भगवान के 11 दिवसीय महोत्सव के 9वें दिन सायं 6 बजे पुजारी पंडित पवन शास्त्री जी के द्वारा पूजन के पश्चात् दिव्य श्री सुंदरकांड का पाठ व भजन संध्या गुणगान पंडित कुलदीप शर्मा एंड पार्टी धामपुर द्वारा श्री खोखरा नाथ महादेव मंदिर, हिन्दू कटेरा में किया गया, जिसमें बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर समिति की ओर से दीपांशु भारद्वाज, गोल्डी मित्तल, विभोर जैन, सचिन टंडन, समक्ष अग्रवाल, मोहित गुप्ता,दीपक सोती, शिवम सोती,विशाल अग्रवाल , उत्कर्ष अग्रवाल, रॉकी गुप्ता ,पुनीत अग्रवाल, अतुल वर्मा, संजीव गुप्ता, सौरभ कौशिक ,सुनील मिश्रा , नितिन मिश्रा, नैना जैन,अजीत अग्रवाल, तनिष्क गुप्ता,तृप्ति शर्मा, लावण्या जैन,दीपा जोशी, संध्या गुप्ता आदि श्रद्धालु शामिल रहे।



# अतिक्षा ने ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पानीपत में सीबीएसई द्वारा हो रहे ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में सत्यवती मेमोरियल एकेडमी की कक्षा 9 की छात्रा अतिक्षा सिंह ने कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल पानीपत में आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में संपूर्ण भारतवर्ष के खिलाड़ी एवं गल्फ जोन के लगभग 15 देश के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अतिक्षा सिंह ने इस प्रतियोगिता के लिए अपना चयन नजीबाबाद के मूलचंद एकेडमी में स्वर्ण पदक जीतकर सुनिश्चित किया था। अतिक्षा सिंह इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग अंडर 17 वेट कैटिगरी अंडर 59 में पहला मैच फॉर ईस्ट जोन को हराकर शुरुआत की। दूसरा मैच सऊदी अरब के खिलाड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में अतिक्षा का मैच राजस्थान के खिलाड़ी से हुआ यह मैच अतिक्षा ने 5-7 पहले राउंड और 4-3 से दूसरा राउंड जीतकर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई। सेमी फाइनल साउथ जोन की खिलाड़ी से हारकर कांस्य पदक से संतुष्टि करनी पड़ी। कांस्य पदक जीतने पर स्कूल प्रबंधक एडवोकेट राजीव चौहान एवं प्रिंसिपल प्रेमराज ने फोन पर खिलाड़ी एवं कोच श्रीमती अमृता झा को शुभकामनाएं दी एवं आश्वासन दिया स्कूल लौटने पर खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया जाएगा। नेशनल प्रतियोगिता में मेडल आने पर समस्त स्कूल खिलाड़ी एवं स्कूल में खुशी का माहौल है।



## पुलिस ने स्कूल वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान, तीन वाहन सीज किये, चार का किया चालान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** ट्रैफिक पुलिस ने एक स्कूल के सात वाहन जब्त किए। जिनमें चार वाहनों का चालान व तीन वाहन सीज किए। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर स्कूल वाहनों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। यातायात पुलिस के टीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने नगर व क्षेत्र में संचालित स्कूलों के संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा था कि स्कूल में चलने वाले सभी वाहनों के फिटनेस व दस्तावेज सहित सभी मानक पूरे होने चाहिए। लेकिन स्कूल संचालकों पर ट्रैफिक पुलिस की चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ, जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को टीएसआई सुनील कुमार व उपनिरीक्षक नितिन कुमार मलिक के नेतृत्व में फतेहाबाद रोड स्थित सेंट मेरी स्कूल पर छापा मारकर सात वाहन को ज़ब्त कर लिये। टीम ने चार वाहन का मौके पर ही चालान कर दिया, जबकि तीन वाहन को फिटनैस व अन्य अनियमिता के चलते सीज कर थाने में खड़ा कर दिया। ट्रैफिक पुलिस की कार्यवाही से स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया। सुनील कुमार का कहना है कि अनफिट वाहन चलाकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। टीम में अर्जुन सिंह, अजय कुमार व राहुल आदि मौजूद रहे।

## मूर्तियों की विसर्जन यात्रा के साथ, गणेश महोत्सव हुआ समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बाड़वान स्थित चामुंडा देवी मंदिर एवं मोहल्ला खातियान में दीपक अग्रवाल सर्राफ के आवास पर गणेश मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय गणेशोत्सव का मंगलवार को गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा के साथ समापन हो गया। इस दौरान नगर के निर्धारित मार्गो पर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन दोनों स्थानों से निकाली गई विसर्जन यात्रा का मिलन जब भगत सिंह चौक पर हुआ तो गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समाजसेवी नरेश सैनी कैटर्स के संरक्षण एवं संजू गोस्वामी के निर्देशन में निकाली गई मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान पुरुषों और महिलाओं ने गुलाल खेलते हुए वातावरण को होलीमय बना दिया।



गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

## रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुस्लिम फण्ड कन्या इन्टर कॉलेज में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत रंगोली एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नूर अफ्सा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक रंगोली तैयार कर सबका मन मोह लिया।

**मुस्लिम फण्ड कन्या इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित**

मुस्लिम फण्ड कन्या इन्टर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत लिपिक मनीष रस्तोगी के मार्गदर्शन मे छात्राओ ने आयोजित कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया। इस दौरान कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत कक्षों एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके बाद कॉलेज परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न इंडोर एवं आउटडोर पौधों को गमलों में रोपित कर वातावरण स्वच्छ हरा-भरा एवं आकर्षक बनाने में योगदान दिया गया। प्रधानाचार्य नूर अफ्सा ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ एवं हरित वातावरण सकारात्मक सोच पैदा करता है। कार्यक्रम में डा. संदीप कुमार एवं डा. अदिति सिंधु उपस्थित रहें। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता को व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर स्टाफ व छात्राओ ने कॉलेज परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। दूसरी ओर इस अभियान के अंतर्गत नगर के आर.यू.एम.उ.मा. विद्यालय मे प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन के नेतृत्व मे छात्र/छात्राओ ने पोस्टर व चित्र प्रतियोगिता में भाग लिया।






प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए स्कूल के उपप्रबंधक प्रदीप चौहान ।

## एचआईसी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान पर आज क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कॉलेज के उपप्रबंधक प्रदीप चौहान पत्रकार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल से ही शरीर और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है और खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। इससे पहले कॉलेज के प्रधानाचार्य रविंद्र भारती ने उपप्रबंधक प्रदीप चौहान, जयपुर लेक्चरर सुधीर कुमार का बैज लगाकर स्वागत किया। पहला मैच एमडीएस नजीबाबाद और मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर के बीच हुआ, जिसमें एमडीएस 12 पॉइंट से विजयी रहा। इस अवसर पर जैनेंद्र कुमार पीटीआई रामकुमार सिंह, चंद्रवीर सिंह, सुभाष राजपूत, सरवन देशवाल, वीर सिंह प्रधानाचार्य का विशेष सहयोग रहा।

## गणपति पूजन में शामिल हुए रोटरी क्लब के पदाधिकारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला खातियान में आयोजित 9 दिवसीय 12 वें वार्षिक गणेशोत्सव के अंतर्गत रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के पदाधिकारियों ने सामूहिक पूजन में सहभागिता की। हर प्रसाद सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान राजेश कुमार पाल एवं उनकी धर्मपत्नी हेमा रानी पाल, सोना रानी पाल, वासु कुमार पाल रहे। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, सत्येंद्र चौधरी, अनुपम गोयल, संजय वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, सोनी वर्मा, शरद गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, डॉक्टर विकास अग्रवाल एवं प्रीति रानी अग्रवाल, विकास सिन्हा एवं सीमा सिन्हा, अंकुर गुप्ता एवं निधि गुप्ता, वरुण गुप्ता एवं मीनाक्षी गुप्ता, नवचेतन शर्मा एवं रजनी रानी शर्मा, गौरव दुबे एवं पूजा रानी शर्मा, सचिन अग्रवाल एवं शिवानी अग्रवाल उपस्थित रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज ने संपादित कराया। कार्यक्रम में पं. प्रणव भारद्वाज की भजनों की प्रस्तुति के दौरान वादन कला ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस अवसर पर धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने माता रानी की भेंटे प्रस्तुत की।



गणपति पूजन में शामिल नागरिक।

# शिक्षक एमएलसी उपचुनाव का कार्यक्रम जारी, आचार संहिता लागू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग ने जारी कर दिया है। निर्वाचित सदस्य हरी सिंह ढिल्लो का कार्यकाल छह दिसंबर 2026 को समाप्त होने के कारण रिक्त होने वाली सीट को भरने के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होते ही बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिजनौर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच सात अक्टूबर को होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ अक्टूबर रहेगी।

## 23 अक्टूबर को मतदान, 27 अक्टूबर को मतगणना

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम चार बजे तक रहेगा। इसके बाद 27 अक्टूबर को मतगणना कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया हर हाल में 31 अक्टूबर 2026 से पहले पूरी कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, बिजनौर ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी, राजनीतिक दल और अन्य संबंधित पक्षों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग के 26 दिसंबर 2016 के पत्र में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लागू की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी निर्धारित नियमों और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# दो रुट से रिक्शा चालकों को होगा नुकसान, प्रशासन दे ध्यान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रिक्शा चालक एसोसिएशन की बैठक में यातायात पुलिस द्वारा आगामी एक अक्टूबर से शहर में ई-रिक्शाओं के लिए दो रुट निर्धारित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की गयी। इस मामले में जल्दी ही एक प्रतिनिधि मंडल उच्चाधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा।

मंगलवार को सिविल लाइन स्थित रिक्शा चालक एसोसिएशन के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष नीरज चौधरी व संचालन मीडिया प्रभारी इमरान अंसारी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पदाधिकारी व रिक्शा चालकों ने कहा कि बिजनौर छोटा शहर है। जिसमे रिक्शा चलाने के लिए दो रुट बनाना गैरज़रूरी है। इससे रिक्शा चालकों पर आर्थिक संकट होगा। क्योंकि एक जगह से दूसरी जगह रिक्शा में सवारी ले जाने पर रुट आड़े आएंगे। यातायात पुलिस का रिक्शा चालक हमेशा सहयोग करते है और आगे भी करते रहेंगे। रिक्शा चालकों के आर्थिक स्थिति को देखते हुए फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की गयी। बैठक में महामंत्री शमशाद अंसारी, प्रीतम सिंह एडवोकेट, जफर अहमद, तसलीम अहमद, नफीस बंबईया, शफीक मंसूरी, शाहनवाज़, इंतज़ार अहमद, आसिफ कुरैशी, मेहंदी हसन, निसार अहमद, किशन सिंह, मौ. अफसर, अशरफ, तहजीब आदि शामिल रहे।




# बाइक सवार युवकों पर फायरिंग, एक घायल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद के पास मंगलवार को बाइक सवार दो युवकों ने दूसरी बाइक पर जा रहे युवकों पर फायरिंग कर दी। दो राउंड फायरिंग में एक गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया।

नगीना थाना क्षेत्र के हुरनंगला गांव निवासी मानव पुत्र सतेंद्र अपने साथी मयंक निवासी सिकंदरपुर, कोतवाली देहात के साथ रिश्तेदारी में बाहुपुरा जा रहा था। बताया जाता है कि अकबराबाद के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। बताया गया कि हमलावरों ने दो राउंड फायर किए। इनमें एक गोली हवा में चलाई गई, जबकि दूसरी गोली मानव को लग गई। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस आसपास के लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# 24 व 26 को ये फाटक बंद रहेंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेलवे ट्रैक की मरम्मत के चलते बिजनौर-खारी झालू मार्ग और बुखारा फाटक पर मरम्मत के चलते कुछ समय के लिए सड़क यातायात के लिए बंद रहेंगे। रेलवे ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर यातायात को वैकल्पिक मार्ग से संचालित कराने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।




रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ बिजनौर के अनुसार बिजनौर-खारी झालू मार्ग पर रेलवे समपार संख्या 55/बी, किलोमीटर 67/9-10 पर रेलपथ का मरम्मत कार्य होना है। इसके लिए फाटक 24 सितंबर की सुबह सात बजे से 25 सितंबर की शाम आठ बजे तक सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

इसी तरह किलोमीटर 68/8-9 पर स्थित समपार संख्या 57/सी बुखारा फाटक पर भी रेलपथ का मरम्मत कार्य किया जाना है। इसके चलते बुखारा फाटक 26 सितंबर की सुबह सात बजे से शाम आठ बजे तक बंद रहेगा।

रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ बिजनौर ने डीएम व एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि रेल यातायात की सुरक्षा के लिए मरम्मत कार्य कराया जाना जरूरी है। रेलवे ने प्रशासन से संबंधित मार्गों का यातायात दूसरे रास्तों पर डायवर्ट करने और कार्य के दौरान आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्थाएं कराने का अनुरोध किया है।

# विद्युत सम्बन्धी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले विवेक सेन

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में लगातार हो रही घोषित विद्युत कटौती बार बार विद्युत ट्रिपिंग और अन्य समस्याओं को लेकर आजाद समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी विवेक सेन ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचकर अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को लेकर जनता को हो रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया और समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

विवेक सेन ने कहा कि गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली कटौती और ट्रिपिंग के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी हो रही है। इसके साथ ही बिजली पर निर्भर छोटे-बड़े उद्योग और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।




उन्होंने गांव-देहात में एलटी लाइनों से संबंधित समस्याओं और विद्युत लाइनों पर बढ़ते लोड का मुद्दा भी अधीक्षण अभियंता के सामने रखा। उन्होंने विभाग से जानकारी मांगी कि ओवरलोडिंग और एलटी लाइन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए अब तक क्या प्रयास किये गये हैं तथा आगे की क्या कार्ययोजना है? विवेक सेन के अनुसार, शेरकोट व स्योहारा की विद्युत क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षमता वृद्धि का कार्य होने के बाद शेरकोट व स्योहारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या से राहत मिल सकेगी।

# गन्ना समिति की मीटिंग में बिलाई मिल का जबरदस्त विरोध




**बिजनौर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बिजनौर की एक सामान्य निकाय बैठक का आयोजन गन्ना समिति बिजनौर मे किया गया, जिसमें वर्ष 2026-27 में लगने वाले गन्ना केंद्रों के प्रस्ताव मांगे गए। किसानों ने सबसे ज्यादा मांग स्योहारा गन्ना चीनी मिल, धामपुर चीनी मिल, बिजनौर चीनी मिल आदि के सैंटरो की मांग रखी। किसानों ने बिलाई चीनी मिल का खुलकर विरोध किया और उसके सेंट्रो को हटाने की गन्ना समिति से मांग की। किसानों में बिलाई चीनी मिल के पेमेंट को लेकर भारी नाराजगी देखी गई। मिल ने अभी तक किसानों का पिछले वर्ष का भी गन्ने का पेमेंट रोक रखा है जो कई करोड़ है। मीटिंग में गन्ना समिति के डायरेक्टर अध्यक्ष और सचिव मौजूद रहे जिनमें ब्रह्मपाल सिंह, चरण सिंह प्रधान, निपेंद्र सिंह राठी, शांतनु, सुरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, प्रसून कुमार एडवोकेट, मास्टर महकार सिंह, दालेश्वर मिश्रा, ओमपाल सिंह भगत जी और चीनी मिलों के अधिकारी बरकातपुर के जीएम विकास पुंडीर, चांदपुर चीनी मिल के जीएम अनिल कुमार, स्योहारा चीनी मिल के जीएम राजीव कुमार चौधरी, बिलाई के जीएम सुभाष तोमर आदि उपस्थित रहे। मीटिंग की अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बिजनौर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ कालू ने की और संचालन सुभाष राम सेक्रेटरी और रविंद्र कुमार शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया।



# छात्र संसद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज मंडावर में आज छात्र संसद के नवनिर्वाचित सांसदों को विभिन्न विभागों के दायित्व सौंपे गए। छात्र संसद के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने नवनिर्वाचित सांसदों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संसद में तपस्या चौधरी को प्रधानमंत्री तथा हर्षिता राजपूत को उप प्रधानमंत्री का दायित्व सौंपा गया। संसद गठन के प्रमुख आचार्य महकार सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। भूदेव सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए उसका सदुपयोग करना चाहिए।

# हिंदू कॉलेज में धूमधाम से आयोजित हुआ पुरातन छात्र मिलन समारोह



**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद में वार्षिक पुरातन छात्र मिलन समारोह (एल्युमिनाई मीट) का गरिमामय आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के माननीय कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की असली पहचान और पूंजी उसके विद्यार्थी होते हैं। जब पुरातन छात्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं और समाज व संस्थान के विकास में योगदान देते हैं, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संस्थान की हालिया शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कॉलेज को अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है, जो आज देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एम. जी. एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफे योगेन्द्र सिंह, भूतपूर्व छात्र समिति के संयोजक

## पुरानी यादों से सराबोर हुए पूर्व छात्र

प्रोफेसर संजय कुमार रस्तोगी तथा समिति के सदस्य डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. एस. बी. यादव, डॉ. अमित वैश्य, श्री सूरज कुमार वर्मा सहित कॉलेज के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित वैश्य द्वारा किया गया

### पुराने साथियों से मिलकर भावुक हुए पूर्व छात्र

**मिलन समारोह में विभिन्न बैचों के सैकड़ों पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। वर्षों बाद अपने सहपाठियों और शिक्षकों से मिलकर पूर्व छात्र भावुक हो उठे और उन्होंने कॉलेज के दिनों से जुड़ी पुरानी यादें साझा कीं। कई पूर्व छात्रों ने संस्थान के विकास, आधुनिक संसाधनों के विस्तार और वर्तमान छात्रों के मार्गदर्शन के लिए मेंटरशिप व सहयोग देने का संकल्प भी लिया।**

# बीआरसी पर हुई चित्र लेखन प्रतियोगिता



हल्दौर (चिंगारी)। ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) हल्दौर पर 'डिजिटल शिक्षा- नए भारत की नई शिक्षा' विषय पर चित्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र की विभिन्न न्याय पंचायतों से कुल 255 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। शिक्षा अधिकारी हल्दौर सूर्यकांत गिरि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों को अपनी प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में डीसी बालिका शिक्षा चेतन चौहान द्वारा भी छात्र-छात्राओं को संबोधित कर डिजिटल शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास क्षेत्र हल्दौर के एआरपी अरुण कुमार व श्रीमती कनिका गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में वंशिका प्राथमिक विद्यालय फजलपुर पौटा ने प्रथम, आर्यन कंपोजिट विद्यालय रुकनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मोनी कंपोजिट विद्यालय कुम्हारपूरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागी विजेता छात्र-छात्राओं को विशेष विजेता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी 255 छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

मुद्दा

# गुरु भूखा, भाषण भरपेट



-डॉ. राजेंद्र चौधरी
स्वतंत्र लेखक एवं स्तंभकार
समसामयिक, सामाजिक एवं उच्च शिक्षा विषयों पर लेखन
मोबा. 9359927555

मंचों पर गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु का पाठ करने वालों ज़रा बताओ- जिस गुरु के आगे आप हाथ जोड़ते हैं, उसके घर का चूल्हा कैसे जल रहा है? उत्तर प्रदेश के अनुदानित महाविद्यालयों में स्व-वित्तपोषित योजना के शिक्षक इसी सवाल का जीता-जागता सबूत हैं। 1999-2000 के आसपास उच्च शिक्षा के विस्तार के नाम पर यह व्यवस्था आई। पाठ्यक्रम चले, कक्षाएं भरीं, फीस आई। पर जिन शिक्षकों ने यह सब चलाया, उनके हिस्से न सम्मान आया, न सुरक्षा।

## बराबर काम, बेगाना दाम

एक ही कॉलेज, एक ही विषय, एक जैसी योग्यता और अक्सर एक जैसा कार्यभार। फिर भी एक शिक्षक को नियमानुसार वेतन मिलता है, और बगल की कुर्सी वाला 4,000 से 7,000 के मानदेय पर दशकों से घिस रहा है। ये शिकायतें अभिलेखों में सही निकलती हैं, तो इसे आर्थिक कठिनाई कहना अपराध को नरम शब्द पहनाना होगा।

## गर्दन पर अनुबंध की तलवार

बीस-पच्चीस साल की सेवा के बाद भी शिक्षक का भविष्य एक अनुबंध-नवीनीकरण की कलम पर लटका है। और यदि पुराने शिक्षक को हटाकर उसी कुर्सी पर कम पैसे में नया चेहरा बैठा दिया जाए, तो इसे प्रशासनिक प्रक्रिया कहकर फाइल बंद मत कीजिए। ऐसे हर मामले की पारदर्शी जांच हो नियम क्या थे, अभिलेख क्या कहते हैं, और फैसला किसके फ़ायदे में गया?

## फीस का हिसाब दो, जेब में सन्नाटा क्यों?

जिससे कहा जाता है कि बच्चों को सपने दिखाओ, उसके अपने बच्चे की फीस उसकी नींद उड़ा देती है। जिससे राष्ट्र-निर्माण की उम्मीद है, वह इलाज और राशन का हिसाब लगाते-लगाते थक जाता है। स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों की फीस से शिक्षकों पर पर्याप्त खर्च के जो प्रावधान गिनाए जाते हैं, उनका पालन कौन देख रहा है? फीस कहां गई, और शिक्षक की जेब तक कितनी पहुंची? इन सवालों पर जिम्मेदारों की चुप्पी सबसे ऊंची आवाज़ में बोल रही है।

## शिक्षक कोई 'यूज एंड थ्रो' कप नहीं!

**शिक्षा फ़ैक्टरी नहीं कि आज एक मज़दूर निकाला, कल सस्ता दूसरा भर लिया। शिक्षक विभाग की स्मृति और संस्थान की रीढ़ है। उसे सस्ता मानव संसाधन समझने वाली सोच शिक्षा की आत्मा का गला घोंटती है। और जब गुरु का स्वाभिमान टूटता है, तो दरार कक्षा से होकर पूरे समाज की नींव तक जाती है।**

## दया नहीं, न्याय चाहिए!

**विश्वगुरु का सपना नारों और होर्डिंगों से पूरा नहीं होता। गुरु की गरिमा वेतन की पर्ची, सेवा-सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियों में दिखनी चाहिए, वरना सब पाखंड है। शिक्षकों को दया नहीं, न्याय चाहिए, राज्यव्यापी अभिलेखीय अध्ययन, संस्थानवार मानदेय और सेवा-अवधि का ऑडिट और शासनादेशों के अनुपालन की सार्वजनिक समीक्षा। वरना इतिहास पूछेगा- जिस देश ने अपने गुरु को ही असुरक्षा और अपमान में छोड़ दिया, उसे विश्वगुरु कहलाने का हक़ किसने दिया?**

### चार सीधे सवाल, जिनसे भाग रही है व्यवस्था-

1.क्या स्व-वित्तपोषित शिक्षकों के लिए स्पष्ट न्यूनतम पारिश्रमिक तय नहीं होना चाहिए?
2.क्या वर्षों की सेवा के बाद सेवा-सुरक्षा उनका अधिकार नहीं, कोई एहसान है?
3.क्या अनुबंध-नवीनीकरण और सेवा-समाप्ति का हर फ़ैसला अभिलेखबद्ध और जवाबदेह नहीं होना चाहिए?
4.क्या फीस और शिक्षक-व्यय का नियमित ऑडिट नहीं होना चाहिए?
जो व्यवस्था इन चार सीधे सवालों से बचती है, उसकी नीयत पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# गन्ना भुगतान समय पर न करने वाली मिलों के क्रय केंद्रो का दूसरी मिलों को आवंटन कर दिया जाएगा- चेयरमैन नरेश कुमार




हल्दौर (चिंगारी)। सरकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर की सामान्य निकाय की बैठक (एजीएम) ब्लॉक कार्यालय के डबाकरा हॉल में आयोजित की गई, जिसमें चेयरमैन चौ.नरेश कुमार ने किसानों का गन्ना भुगतान समय पर न करने वाली चीनी मिलों से गन्ना क्रय केंद्र हटाने की चेतावनी दी।

मंगलवार को समिति के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार की अध्यक्षता व सचिव मुकेश कुमार राठी एंव जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बिलाई अमित कुमार पांडे के संयुक्त संचालन में आयोजित हुई सामान्य निकाय की बैठक में चीनी मिल बिलाई, धामपुर, चांदपुर, सहयोगाधारित, बिजनौर, चांगीपुर के प्रतिनिधियों एवं समिति के संचालको व डेलीगेटस द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। चीनी मिलों द्वारा कृषक हित में विकास कार्य एवं बिलाई मिल द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार ने संबंधित चीनी मिलों को सख्त लहजे में कहा कि वह शीघ्र किसानों का गन्ना भुगतान कर दें अन्यथा की स्थिति में उनके गन्ना क्रय केंद्रो का दूसरी चीनी मिलो को आवंटन कर दिया जाएगा। उन्होंने कृषि यंत्रों को क्रय कर अनुदान पर कृषकों को किराए पर देने का आश्वासन देते हुए पहले तीन सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को समिति की अगली एजीएम में पुरुस्कृत करने की घोषणा भी की। बैठक में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पुष्कर चौधरी, संचालक, वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी, परमेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, कौशल सिंह सहित समिति के सभी संचालकगण व ग्राम प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# बकाया गन्ना मूल्य पर ब्याज दिलाने की मांग

## गन्ना समिति अध्यक्ष व सचिव को ज्ञापन दिया

**हल्दौर ( चिंगारी )। सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के डेलीगेट व पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार भोले ने समिति के अध्यक्ष व सचिव को किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक पत्र देकर समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की।**

पत्र में उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में किसानों को उनके बकाया गन्ना मूल्य पर देय ब्याज शीघ्र से शीघ्र दिलवाने, प्रत्येक किसान को जितना उसका ब्याज का रूपया बैठता है। उसकी लिस्ट माननीय हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार दिलाई जायें। क्योंकि किसान को ब्याज दिलाने की जिम्मेदारी समिति की है। किसानों को बैंक में समिति द्वारा भेजे गये गन्ना मूल्य भुगतान को बैंको को यह निर्देशित किया जाये कि वह पास बुक में एन्ट्री के समय यह अवश्य लिखे की यह गन्ना पेमेन्ट किस तारीख से किस तारीख तक का है। इस वर्ष के लिये गन्ना मूल्य कम से कम 600 रूपए प्रति कुन्टल रखा जाने का प्रस्ताव पास करके सरकार को भेजा जायें। समिति में उपलब्ध कृषि यन्त्रों के समुचित उपयोग हेतु दो बड़े ट्रेक्टर खरीदे जाये ताकी हर किसान को इनका लाभ मिल सके। उपरोक्त बातो को साधारण सभा कि मिटिंग की प्रोसीडिग बुक में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाने की मांग की हैं। पत्र पर पुष्पेंद्र सिंह, राजीव कुमार, रमेश सिंह आदि के भी हस्ताक्षर रहें।

# चार इंटर कॉलेजों को जोड़ने वाला मार्ग बदहाल

**बरूकी/बिजनौर( चिंगारी )।** पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे से ग्राम धौकलपुर सहित आसपास के गांवों और उस क्षेत्र में पड़ने वाले चार इंटर कॉलेजों को जोड़ने वाला करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग लंबे समय से बदहाल है। मार्ग संकरा और जगह-जगह खस्ताहाल होने के कारण छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, स्कूली स्टाफ और आम राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



यह संपर्क मार्ग पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर बिजनौर-कोतवाली मार्ग के करीब 11वें किलोमीटर पर स्थित नेशनल हाईवे के प्लांट के बराबर से ग्राम धौकलपुर की ओर जाता है। इसी मार्ग से मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय सुंदरपुर (निर्माणाधीन), जनता इंटर कॉलेज धौकलपुर, माया देवी इंटर कॉलेज शेखपुरा तथा ग्राम गंगोड़ा शेख स्थित एक अन्य इंटर कॉलेज जुड़े हुए हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी और ग्रामीण इस मार्ग से आवागमन करते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण की मांग कई दशकों से की जा रही है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मार्ग की खराब स्थिति के कारण बरसात के दौरान परेशानी और बढ़ जाती है।

ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार, उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विकुल मलिक, पूर्व ग्राम प्रधान कृपाल सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान जीराज सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार तथा ग्राम सुंदरपुर के ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने नगीना लोकसभा सांसद, नहटौर विधायक, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से संपर्क मार्ग का तत्काल चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

## जंगली जानवरों का भी खतरा

**संपर्क मार्ग के संकरे और खराब होने के साथ ही आसपास जंगल क्षेत्र होने के कारण स्कूली बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को जंगली जानवरों का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने मार्ग का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है, ताकि सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।**


# पुलिस वार्षिक प्रतियोगिता में बिजनौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन






**बिजनौर ( चिंगारी )।** 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वालीबॉल कलस्टर प्रतियोगिता में बरेली जोन की टीम में शामिल बिजनौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेपकटकरा महिला वर्ग में 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस प्रदर्शन के आधार पर टीम को चल वैजयंती शील्ड भी मिली। वहीं वालीबॉल पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों ने 14 कांस्य पदक हासिल किये।

मंगलवार को एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई से उनके कार्यालय में मिले विजेता टीम के खिलाड़ियों को एसपी ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 सितंबर तक पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में किया गया था। प्रतियोगिता में बरेली जोन की टीम ने सेपकटकरा महिला वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक अपने नाम किए। एसपी कृष्ण कुमार ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि के अनुभव भी साझा किए।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# सीने से तमंचा सटाकर गोली मारने की कोशिश की थी, बाल अपचारी अभिरक्षा में

**बिजनौर ( चिंगारी )।** युवक के सीने पर तमंचा लगाकर जान से मारने की कोशिश के मामले में एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है। दो नामजद आरोपियों समेत अन्य की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 12 सितंबर को बुल्ला का चौराहा निवासी आमिर ने तहरीर देकर बताया था कि दो नामजद आरोपियों और उनके अज्ञात साथियों ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसके सीने पर तमंचा लगा दिया और धमकी दी। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके पर तमंचा और चाकू छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर पर जान से मारने की कोशिश, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना में इस्तेमाल बाइक संख्या यूपी 20सीएक्स/9028 भी कब्जे में ली है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भिखारी नहीं, शिकारी बनें -विनेश ठाकुर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंडियन जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर 'कर्पूरी' ने उत्तर प्रदेश में अतिपिछड़े, अतिदलित और मुस्लिम ओबीसी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन वर्गों को केवल चुनावी वोट बैंक बनकर राजनीतिक दलों से पद और टिकट मांगने के बजाय अपना स्वतंत्र और साझा नेतृत्व विकसित करना चाहिए। अपने एक बयान में श्री ठाकुर ने कहा कि अतिपिछड़े, अतिदलित और मुस्लिम ओबीसी भिखारी नहीं शिकारी बनें। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि अतिपिछड़े, अतिदलित और मुस्लिम ओबीसी समाज एक साझे राजनीतिक प्लेटफॉर्म पर आएं और सत्ता मिलने की स्थिति में तीनों सामाजिक समूह को नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री पद में तय अवधि के आधार पर भागीदारी देने के मॉडल पर चर्चा करें। उन्होंने कहा कि यदि



स्थापित राजनीतिक दल जनसंख्या के अनुपात में टिकट, मंत्रिमंडल और सत्ता की संस्थाओं में हिस्सेदारी देने को तैयार होते हैं तो उनके साथ राजनीतिक सहयोग पर विचार हो सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होने पर वंचित सामाजिक समूह को अपना स्वतंत्र राजनीतिक मंच तैयार करना चाहिए।

# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या के मामले में तीन सगे भाई गिरफ्तार

## दो माह पहले कांठ क्षेत्र में रामगंगा किनारे मिला था नफीस का शव

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव चकमहदूद सानी निवासी नफीस अहमद की हत्या के मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी आपस में सगे भाई हैं। इससे पहले मुख्य आरोपी उवैश के खुद थाने पहुंचकर हत्या की बात कबूल करने के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर नफीस का शव बरामद किया था।

मामला 28 जुलाई 2026 का है। 32 वर्षीय नफीस के लापता होने पर उसकी मां तस्वीरन पत्नी शरीफ ने थाना स्योहारा में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच गांव विरामपुर निवासी उवैश पुत्र अहमद हसन थाने पहुंचा और पुलिस को नफीस की हत्या करने की जानकारी दी।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर मुरादाबाद जनपद के थाना कांठ क्षेत्र में गांव फजलाबाद के पास रामगंगा नदी किनारे झाड़ियों से नफीस का शव बरामद किया गया था। शव के हाथ बंधे हुए बताए गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि नफीस का एक युवती से करीब दस वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वह उससे शादी करना चाहता था। युवती के परिजन इस रिश्ते के विरोध में थे। पुलिस के अनुसार इसी विवाद में नफीस की हत्या की गई थी। विवेचना के दौरान हत्या की वारदात और शव को ठिकाने लगाने में तीन अन्य लोगों की भूमिका सामने आई। पुलिस ने मंगलवार को ग्राम विरामपुर उर्फ अलादीनपुर निवासी आरिफ, शोएब और महफूज पुत्रगण अहमद अली को गिरफ्तार कर लिया।



# वीएम सिंह ने महापंचायत में मांगा 30 साल के ब्याज का हिसाब

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से मंगलवार को कलक्ट्रेट में आयोजित महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष स. वीएम सिंह ने गन्ना भुगतान में विलंब पर किसानों को मिलने वाले ब्याज का 30 साल का हिसाब मांगा। गन्ना अधिकारी ने तीन साल का ही हिसाब उपलब्ध होने की बात कही। इस पर वीएम सिंह ने रिकार्ड उपलब्ध नहीं होने पर डीसीओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी।

विलंबित गन्ना भुगतान पर 30 साल के ब्याज की जानकारी और भुगतान की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का 20 अगस्त से डीसीओ कार्यालय पर धरना चल रहा है। मंगलवार को संगठन ने इसी मांग को लेकर कलक्ट्रेट में महापंचायत की। महापंचायत में सरदार वीएम सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों के हक के पैसे का भुगतान समय से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में किसानों को पहले की अपेक्षा गन्ने का भुगतान बेहतर मिला है, लेकिन विलंबित भुगतान पर ब्याज देने के न्यायालय के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनका हक दिलाने के लिए संगठन न्यायालय की लड़ाई जारी रखेगा।

महापंचायत के दौरान डीसीओ ब्रजेश कुमार पटेल किसानों के बीच पहुंचे। सरदार वीएम सिंह ने उनसे गन्ना भुगतान और ब्याज से संबंधित 30 साल के रिकार्ड के बारे में पूछा। डीसीओ ने तीन साल का ही रिकार्ड होने की बात कही।





## 14 दिन में भुगतान के दावे पर सचिवों से मांगा जवाब

सरदार वीएम सिंह ने गन्ना समितियों के सचिवों से पूछा कि सरकार ने न्यायालय में 67 प्रतिशत से अधिक किसानों को गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर किए जाने की बात कही है। उन्होंने सचिवों से उनके क्षेत्रों में 14 दिन के भीतर भुगतान होने की स्थिति के बारे में पूछा। सचिवों ने ऐसा होने से इनकार किया। इस पर वीएम सिंह ने किसानों को भुगतान में देरी और ब्याज के मामले में विभागीय रिकार्ड सामने रखने की मांग की।

## गन्ने का भाव 600 रुपये कुंतल करने की मांग

महापंचायत में किसानों ने गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की। इसके साथ ही भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों पर दबाव नहीं बनाने, खेतों में गुलदारों से निजात दिलाने, बिजली के जर्जर तारों को बदलने और किसानों को फसलों के बीज नि:शुल्क उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। महापंचायत में प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, जिला प्रभारी राजपाल भगत, वेदप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, इमरान अहमद, विजेंद्र सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे। महापंचायत में किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा। कलेक्ट्रेट परिसर खचाखच भरा रहा।

# खाते से पैसा निकाला, मगर रिक्शा नहीं खरीदा

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत आकू में दो वर्ष पूर्व सफाई कर्मचारियों के लिए ई-रिक्शा खरीदने के नाम पर एक लाख चालीस हजार की धनराशि निकाली गई थी, लेकिन आज तक ई-रिक्शा उपलब्ध नहीं कराई गई। मामला उजागर होने पर ब्लॉक प्रशासन द्वारा की गई तलाश में ई-रिक्शा का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने मामले में दो सचिव व ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है।

नहटौर ब्लॉक के एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने बताया वर्तमान सचिव, तत्कालीन सचिव हर्षित कुमार और ग्राम प्रधान अवराना खातून को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। तत्कालीन सचिव द्वारा नोटिस स्वीकार न करने पर प्रशासन ने उनके ग्राम सेढ़ी स्थित घर पर नोटिस चस्पां कर दिया है। एडीओ पंचायत ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ अग्रिम विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नोटिस चस्पां करते ब्लॉक के कर्मचारी

# ग्रामीणों ने की जेई की बुरी तरह पिटाई

## चार दिन बाद घटना का वीडियो वायरल

**बिजनौर ( चिंगारी )। चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर में बिजली चैकिंग के दौरान जेई को बंधक बनाकर मारपीट करने का वीडियो चार दिन बाद सोशल मीडिया पर वायरल होने से सनसनी फैल गई। वीडियो में कई किसान नेता जेई को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटते नजर आ रहे हैं। जेई की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया है।**

शुक्रवार को ग्राम बागड़पुर में जेई सुदीप कुमार शर्मा टीम के साथ बिजली चेकिंग करने पहुंचे थे। विभागीय टीम के अनुसार, एक घर के मीटर की इनकमिंग केबल में कट लगाकर हीटर चलाया जा रहा था। बाहर बनी दुकानों में भी बिजली के इस्तेमाल की बात सामने आई। टीम ने इसकी वीडियोग्राफी शुरू की तो विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद ग्राम प्रधान पति व किसान नेताओं ने जेई को बंधक बना लिया और उन्हें लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जेई सुदेश कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ चांदपुर देशदीपक सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की जायेगी। उधर, इस घटना से विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में भय व आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि इन हालात में काम करना मुश्किल हो जायेगा।



# अध्यापक शिक्षा विभाग में सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में पांच दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राध्यापिकाओं को विभिन्न शिक्षण कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. मंजू , मुख्य वक्ता प्रो. धर्मेंद्र कुमार, बी.एड. विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित वर्धमान कॉलेज के बी.एड. विभाग के प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने माइक्रो टीचिंग के महत्व, सिद्धांतों एवं प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षक कौशलों को विस्तारपूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को अच्छा शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. मंजू ने कहा कि आज के समय में अच्छा शिक्षक वही है जो निरंतर अपने कौशलों को निखारता है।




कार्यशाला के दूसरे सत्र में डॉ. नजमुनिशा ने छात्राओं को माइक्रो टीचिंग के सबसे महत्वपूर्ण कौशल को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन एम एड. विभागाध्यक्षा डॉ.नजमुनिशा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बी.एड. विभागाध्यक्षा डॉ. सारिका सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शीरीन फातिमा, प्रताप सिकंदर, मुकुल पवार, श्रीमती रेनू, कु. रुकैया, कु. हिमानी, कु. अनुष्का एवं श्रीमती ज्योति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेई के विरूद्ध कार्रवाई करो वर्ना, जारी रहेगा भाकियू का धरना


भाकियू नेताओ से वार्ता करते एसडीएम व सीओ।

**चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत में भाकियू नेताओं व अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में कोई हल नहीं निकल सका। भाकियू कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के जेई के विरुद्ध कार्यवाही होने तक धरना जारी रखने की घोषणा की। मंगलवार को ग्राम बागड़पुर स्थित टिकैत ग्राउंड पर जिला स्तरीय पंचायत का आयोजन किया गया।**

पंचायत में किसानों के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भाकियू कार्यकर्ताओं से वार्ता की, लगभग एक घंटा चली वार्ता में कोई हल नहीं निकल सका। भाकियू कार्यकर्ता ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने वाले विद्युत विभाग के जेई के विरुद्ध

## वार्ता विफल रही

कार्यवाही किए जाने की मांग पर अड़े रहे। भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाही पर भी रोष जताया। पंचायत में भाकियू के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष सचिन मलिक, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, नितिन राणा तहसील अध्यक्ष चांदपुर, कुलदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर, चंद्रपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर, जिला महासचिव नरदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष मो. याकूब, शमशेर सिंह चीमा, चौधरी कल्याण सिंह, जसवंत सिंह, चौधरी हरीराज सिंह, तहसील अध्यक्ष बिजनौर, कोमन सिंह, नगर अध्यक्ष नहटौर रिंकू राठी, बब्बू खान नगर अध्यक्ष चांदपुर, विकास डबास ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर, रजनीश अहलावत, मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे। मालूम हो कि 18 सितम्बर को बागड़पुर विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता सुदीप कुमार शर्मा ने थाना चांदपुर ग्राम प्रधान पति सहित 6 नामजद व 20 से 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। ग्रामीणों की ओर से भी जेई के विरुद्ध तहरीर दी गई थी। ग्रामीण पिछले 4 दिन से जेई के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर बागड़पुर स्थित टिकैत ग्राउंड पर धरने पर बैठे हुए हैं।

# समस्या का नहीं हुआ समाधान तो आन्दोलन शुरू करेंगे किसान


जेई को ज्ञापन सौंपते किसान।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बिजली समस्या से नाराज भाकियू (टिकैत) की ब्लॉक इकाई ने गत दिवस मानियावाला बिजली घर पर बैठक कर जेई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खैराबाद, कलारामपुर व गादला की चल रही 18 घंटे सप्लाई काट दिए जाने, क्षेत्र में भारी अघोषित विद्युत कटौती किए जाने, जर्जर विद्युत लाइन न बदले जाने एवं उपयोग से अधिक बिल आने पर सख्त नाराजगी जाहिर की और चेतावनी दी कि 8 दिन के अंदर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन पर विवश होना पड़ेगा। शराफत अली की अध्यक्षता व राणा सैनी के संचालन हुई इस बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, प्रधान मितान सिंह, हरि सिंह, रमेशचंद्र शेखावत, गुरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरजीत सिंह, हरदीप सिंह, बलवीर सिंह, मस्तान सिंह, सुनील कुमार, चंद्रपाल सिंह, प्रेम सिंह, कुलदीप सिंह व बशीर अहमद आदि अनेक किसान व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# आर्य समाज मुस्सेपुर का वार्षिकोत्सव 27 से

**नांगल सोती ( चिंगारी )। आर्य समाज मुस्सेपुर ( मंडावली ) का 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव 27, 28 एवं 29 सितंबर को आहूत किया गया है। आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बिजनौर के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के व्यवस्थापक कावेन्द्र सिंह आर्य ने बताया कि तीनों दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ, प्रवचन एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित होगा तथा अपराहन 2 बजे से अपराहन 5 बजे तक प्रवचन एवं भजन का कार्यक्रम होगा। 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन सिंह फार्म हाउस मुस्सेपुर में किया जायेगा।**

# भाषण प्रतियोगिता में आरूषी भारद्वाज पहले स्थान पर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्थानीय आर.एस.पी. इंटर कॉलेज में मंगलवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर एक भव्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और राष्ट्र के उज्वल भविष्य, शिक्षा, स्वच्छता तथा समग्र विकास को लेकर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायकों के फैसले के अनुसार आरुषि भारद्वाज ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दिया द्वितीय तथा अक्षरा चौहान तृतीय स्थान पर रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाली छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई तथा सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# 7 बजे ही जाता हो जाता है अंधकार छह बजे से आपूर्ति की दरकार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** अब शाम को 7 बजे सड़कों पर, गांवों की गलियों में अंधेरा छा जाता है। मौसम में आये बदलाव के चलते क्षेत्रवासियों ने शाम को विद्युतापूर्ति चालू करने का समय शाम 7 बजे के स्थान पर 6 बजे निर्धारित किये जाने की मांग की है। नांगल सहित जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, हरचंदपुर, मायापुरी, ढोलापुरी, महमसापुर, लालपुर मान, सौफतपुर में सौफतपुर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विद्युतापूर्ति होती है। अपराहन 4 बजे से शाम 7 बजे तक घोषित विद्युत कटौती होती है। आजकल शाम 7 बजे तक पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। बिजली न आने के कारण गांवों की गलियों की सड़कों पर अंधकार व्याप्त रहता है। जबकि आजकल गुलदार भी गांव-गांव देखा जा रहा है। खेतों के समीप निवास करने वाले व्यक्तियों को गुलदार का भय बना रहता है। ऐसे में क्षेत्रवासियों तरुण कुमार ने शाम को विद्युतापूर्ति 7 बजे के बजाये 6 बजे से शुरू करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता नजीबाबाद रामकुमार का कहना है कि वे रोस्टिंग एवं आपूर्ति का शेड्यूल चेंज कर शाम को जल्दी विद्युतापूर्ति शुरू कराने की व्यवस्था बनाने का प्रयास करेंगे।

# सफाई मित्रों के लिये कैम्प का आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सभी निकायों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद हल्दौर के कार्यालय पर विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सफाई मित्रों को दिए जाने के संबंध में एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रधानमंत्री आवास योजना (डूडा), गैस कनेक्शन, पीएम उज्जवला योजना (आपूर्ति विभाग), स्वास्थ्य बीमा और आयुष्मान कार्ड एवं पीएम जन आरोग्य योजना (स्वास्थ्य विभाग), पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्य घर, जन-धन योजना हेतु संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और सफाई मित्रों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इसी दौरान स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा औषधि वितरित की गई।

# शाबाश जैद! नेशनल चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** हरियाणा में हुई सीबीएसई बोर्ड की नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में लाम्बा कान्वेंट स्कूल अफजलगढ़ के स्टूडेंट व सेल्यूट ताइक्कांडो एकेडमी के सब जूनियर खिलाड़ी कासमपुर गढ़ी निवासी एस एम ज़ैद ने सिल्वर मेडल जीत कर नाम रोशन किया। ज़ैद की राष्ट्रीय स्तर के मंच पर शानदार सफलता से उनके परिजनों, स्कूल व एकेडमी परिवार एवं तमाम खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कोच मौ. आरिफ ने कहा कि यह कामयाबी ज़ैद के संघर्ष और हौसले का परिणाम है, जिसने हम सबको गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह सफर आसान नहीं था मगर ज़ैद



की कड़ी मेहनत और उसके जज्बे ने उसे यह कामयाबी दिलाई। मौ. आरिफ ने बताया कि जैद नेशनल लेवल पर मेडल प्राप्त करने वाला हमारी एकेडमी का पहला खिलाड़ी है।


चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# ससुराल वालों ने घर से निकाला, दरोगा ने लिये 20 हजार

## महिला ने एसपी से लगाई गुहार

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके ससुराल पक्ष द्वारा कथित मारपीट और प्रताड़ना के मामले में नया विवाद सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तैनात एक दरोगा पर मामले में फैसला कराने तथा उसे ससुराल भिजवाने के नाम पर 20 हजार रुपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने, आरोपी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने बच्चों को सुरक्षा की मांग की है।



थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र की पीड़ित महिला बबली पुत्री अशफारुदीन द्वारा मंगलवार को एसपी को दिए गए पत्र के अनुसार, उसकी शादी ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी आफताब पुत्र कदीर के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसके साथ कथित रूप से मारपीट, गाली-गलौच और शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा है। महिला का कहना है कि विवाद बढ़ने के बाद करीब दो वर्ष पूर्व उसके ससुराल वालों ने कथित रूप से उसके साथ मारपीट कर उसे केवल पहने हुए कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया था। घटना की वीडियो आज भी उसके पास सुरक्षित है। इसके बाद से वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही है।

महिला का आरोप है कि पूर्व में वह अपना स्त्रीधन लेने के लिए ससुराल गई थी। शिकायत के मुताबिक वहां उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई। महिला ने इस संबंध में थाना हीमपुर दीपा में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन उसका आरोप है कि मामले में अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है। महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में पुलिस की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उसका आरोप है कि मामले को निपटाने और फैसला कराने के नाम पर थाना हीमपुर दीपा में तैनात हलका दरोगा सुमित कुमार ने पीड़िता और उसके बाप से 20 हजार रुपये लिए है। पीड़िता का आरोप है कि 20 हजार रुपये लिए जाने के बावजूद मामले का समाधान नहीं हुआ और उसे अब भी अपने तथा अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है।

### दरोगा ने कहा...

घटनाक्रम के संबंध में दरोगा सुमित कुमार ने महिला द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठ और राजनीति से प्रेरित बताया है। दरोगा का कहना है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। वह महिला द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चारशीट न्यायालय भेज चुके हैं।

### मामला संज्ञान में नहीं - सीओ

मामले को लेकर सीओ चांदपुर देश दीपक का कहना है कि प्रकरण अभी उनके संज्ञान में नहीं है। प्रकरण उनके संज्ञान में आने के बाद शिकायत और उससे संबंधित तथ्यों की जांच कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार समुचित कार्रवाई की जाएगी।

## बस से गिरकर घायल युवक ने दम तोड़ा

चांदपुर ( चिंगारी )। बस से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हुए युवक की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो जाने से उसके घर में कोहराम मच गया। नगर के स्टेशन रोड पर दुकान करने वाले जमालुद्दीन फल वाले का पुत्र अमन (19 वर्ष) 22 सितम्बर की सुबह को प्राइवेट बस से दिल्ली जा रहा था। बताया जाता है कि धनौरा में मोड़ पर अमन बस से नीचे गिर गया, जिसको उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अमन की मौत से मुहल्ले में शोक छा गया।



मृतक अमन का फाइल फोटो

## गन्ना समिति की सामान्य निकाय बैठक आयोजित



नगीना ( चिंगारी )। सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना की सामान्य निकाय की बैठक में वर्ष 2026-27 के सुरक्षा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव के तहत चीनी मिल बुंदकी, चीनी मिल धामपुर, चीनी मिल अफजलगढ़, चीनी मिल स्योहारा और चीनी मिल नजीबाबाद के यथावत क्रय केंद्रों को मंजूरी दी गई। बैठक में चीनी मिल द्वारिकेश, बुंदकी के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार चौहान, चीनी मिल बहादरपुर (अफजलगढ़) के मुख्य प्रबंधक (गन्ना) मेघनरेश सिंह, चीनी मिल धामपुर के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक सुरेंद्र सिंह और चीनी मिल स्योहारा के उप महाप्रबंधक (गन्ना) मोनी शर्मा ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अनिल कुमार ने की। समिति सचिव विजयपाल के संचालन में आयोजित बैठक में उपसभापति कपिल कुमार, कमल सिंह, नरेंद्र सिंह, समर सिंह, हेतराम सिंह, आशा देवी, संचालक एवं सहायक लेखाकार महेंद्र प्रताप सिंह, जसराज सिंह, शिव कुमार, कपिल देव समेत समिति एवं गन्ना विकास परिषद नगीना के कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला का अधजला शप पड़ा मिला

नूरपूर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव गोहावर से नौशा नगर मार्ग पर एक महिला का शव अधजली हालत में मिला। महिला के शव के पास करीब डेढ़ वर्ष की बच्ची के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि ध्यानपाल सिंह के खेत मे एक महिला का शव पड़ा हुआ है तथा पास में एक डेढ़ साल की बच्ची खेल रही है। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा दिया। महिला का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। सीओ चांदपुर देश दीपक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## प्रिंस ने ग्रामवासियों के साथ किया संवाद

बिजनौर ( चिंगारी )। भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के मो. देवमल मंडल अंतर्गत ग्राम मानशाहपुर व चांदपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी तथा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया। साथ ही मातृशक्ति को उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम श्री संत राम, श्री जयपाल सिंह, विनीत कुमार, मनोज कुमार पूर्व प्रधान, समरपाल सिंह, राज कुमार, मा. कृष्ण पाल आर्य, राहुल चौधरी, शिव कुमार, गौरव कुमार, माया देवी पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु पथ, अर्जुन सिंह, धर्मपाल सिंह, अमरजीत सिंह, दिनेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## लाखों की नकदी व जेवर के साथ लड़की ले उड़ा तहजीब

चांदपुर ( चिंगारी )। नगर निवासी एक महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को तहजीब पुत्र अनीस निवासी ओबरी थाना असमोली जिला संभल बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला के अनुसार उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे तीन लाख 20 हजार रूपये व साढ़े 4 तोले सोने के आभूषण भी ले गई। महिला का यह भी आरोप है कि जब उसने अपनी पुत्री को वापस देने को कहा तो सलमान पुत्र अहसान निवासी मुहल्ला मनिहारो वाला हसनपुर, मुस्तफा पुत्र अहसान निवासी ग्राम ओबरी थाना असमोली, तहजीब व तंजीम जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आयुर्वेद दिवस मनाया




बिजनौर ( चिंगारी )। राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा जनपद एवं डा. विमल चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में दयानंद इंटर कॉलेज में योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट बिजनौर अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव अनंत कुमार एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा ने बच्चों को योगासन और प्राणायाम कराए। डॉ. नरेंद्र सिंह इंटर नेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने 11वें आयुर्वेद दिवस पर प्रकाश डाला। आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की प्राचीन एवं वैज्ञानिक तरीका है, जो हमें प्रकृति के करीब रहना सिखाती है। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम 'स्वस्थ्य भविष्य के लिए आयुर्वेद' है।



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 24 सितम्बर 2026**

मेष- व्यक्तिगत कठिनाइयों का निराकरण, आर्थिक स्थिति में सुधार, साहसिक प्रयास प्रगति पर, बौद्धिक क्षमता का विकास, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल।

वृषभ- निराशा का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, मनोविनोद के सुअवसर पर प्राप्त, बुद्धि का विकास।

मिथुन- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी वैमनस्यता का समापन, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, वाहन से सुख।

कर्क- पारिवारिक तनाव, मित्रों से मतभेद, समस्याओं से मन दुविधामय, यात्रा निराशा-जनक, हानि भी संभव, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वाहन से दुर्घटना संभव।

सिंह- अधूरे कार्यों की पूर्ति, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, कर्ज की अदायगी, धर्म-अध्यात्म में आस्था।

कन्या- व्यक्तित्व का विकास, व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार, मेल-मिलाप में रुचि, दाम्पत्य सुखमय, प्रियजनों से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता, धन की प्राप्ति।

तुला- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।

वृश्चिक-दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, व्यावसायिक असफलता, वाद-विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में कटुता, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, यात्रा विफल।

धनु- व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुझान, जनकल्याण की भावना जागृत।

मकर- वांछित सफलता का सुअवसर, योजना साकार होने की ओर, आर्थिक पक्ष बेहतर बनने की ओर, पठन-पाठन में रुचि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, सुपरिणाम की प्राप्ति।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, मनोरथपूर्ण, मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं का समाधान, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख।

मीन- बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक उलझनें, मन अशांत, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वैवाहिक जीवन में मतभेद।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# दिव्यांगों के साथ समय बिताया, जलपान भी कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्वव्यापी संस्था (वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रिलीजन्स एंड नॉलेज) की बिजनौर चैप्टर टीम ने कोटद्वार रोड स्थित करुणा धाम में दिव्यांगों के साथ समय बिताकर जलपान वितरण किया। जलपान में फल, बिस्किट, नमकीन, फ्रूटी आदि वितरित की गई। इस सेवा कार्य ने सभी का मनमोह लिया। करुणा धाम की सिस्टर व पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बार-बार आते रहने का आह्वान किया। बिजनौर चैप्टर के सदस्यों ने बताया कि दीन-दुखियों की सेवा करने से मन को शांति मिलती है। सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति व इबादत है। सेवा से आध्यात्मिक विकास होता है। ज्ञात रहे कि यह संस्था 1988 से बिना सरकारी अनुदान व बिना जनता से चंदा लिए जन-कल्याण कार्यों में लगी है। संस्था के संस्थापक स्व. आचार्य शम्स नवेद उस्मानी थे व वर्तमान अध्यक्ष आचार्य डॉ. अल्लामा सैय्यद अब्दुल्लाह तारिक हैं। संस्था द्वारा अब तक पूरे जिले में मेट्रो रिक्शा वितरण, राशन वितरण, सिलाई मशीन वितरण, स्टेशनरी, वस्त्र, कंबल वितरण, शीतल शरबत शिविर, वृक्षारोपण, जनता रसोई, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, गौसेवा, ईद-होली-दीपावली मिलन, इफ्तार, यातायात जागरूकता, सफाईकर्मी-पुलिसकर्मी सम्मान, विद्यार्थी सम्मान, अनाथ आश्रम, वृद्धा आश्रम, गौशाला, दिव्यांग आश्रम दौरा, सतयुग आगमन यात्रा, अखंड भारत, विश्व गुरु भारत अभियान, शांति मार्च, नशा विरोधी व चाइनीज मांझा विरोधी जैसे सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस शुभ कार्य में हाजी फहीम अख्तर के साथ अमान, शाहनवाज, ज़ुबैर, शारिक, फुरकंद अली, अरशद अज़ीम, मुहम्मद शौकीन, शुऐब अंसारी आदि ने सेवाएं प्रदान की।



कार्यक्रम में विचार रखती करूण की सिस्टर व मौजूद दिव्यांग बच्चे।

## जूना अखाडा के महामंडलेश्वर का स्वागत किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के भाजपा नेता एवं कारोबारी अवनीश अग्रवाल टांडे वाले के नजीबाबाद फार्म हाउस पहुंचे जूना अखाड़ा हरिद्वार के परमहंस योगी महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज का स्वागत किया गया। महाराज ने अवनीश अग्रवाल टांडेवाले को आशीर्वाद के रूप में नजीबाबाद विधानसभा-17 को जीतने का मूल मंत्र दिया। महामंडलेश्वर स्वामी प्रभोदानंद गिरि के फार्म हाउस पहुंचते ही अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने अपनी टीम के कार्यकर्ताओं के साथ महामंडलेश्वर का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनकी नजीबाबाद विधानसभा 17 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के दौरान भाजपा नेता सुधीर भुईयार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविंद विश्वकर्मा, मंत्री प्रतिनिधि संजीव कश्यप, विशेष सहयोगी रणवीर सिंह निराला, धर्मेंद्र कश्यप सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


दंगल में पहलवानों का हाथ मिलाकर परिचत कराते हुए।

## मूसा ने किया दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व आपसी सौहार्द व भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर में राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में विभिन्न क्षेत्रों व अखाड़े से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने अखाड़े में उतरकर पहलवानों का हाथ मिलवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इंतजार मूसा ने विभिन्न अखाड़ों से आए पहलवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। अखाड़े में महिला पहलवान भी कुश्ती करने पहुंची। उन्होंने कहा की कुश्ती भारत का प्राचीन पारंपरिक खेल है। यह युवकों में शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन आत्मविश्वास व भाईचारे की भावना विकसित करता है। प्रतियोगिता के समापन पर पहलवान को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी व इनाम देकर सम्मानित करते हुए मुबारकबाद पेश की।

# शरीर व मोह-माया से ममता या अहंकार का त्याग करना है: जनेश्वर प्रसाद जैन

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती व सरजायती मन्दिर में जैन धर्म में दशलक्षण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म मनाया गया। उत्तम तप धर्म बोलते हुए वरिष्ठ श्रावक जनेश्वर प्रसाद जैन ने कहा कि यह शरीर व बाहरी इच्छाओं से संबंधित होता है, जो दूसरों को दिखाई देता है, शास्त्रों का अध्ययन, पठन-पाठन व ज्ञान की चर्चा करना, मन को एकाग्र करना व आत्मा के स्वरूप में लीन रहना, शरीर व मोह-माया से ममता या अहंकार का त्याग करना है। मूलनायक वेदी पर सामूहिक अभिषेक कर भगवान शान्तिनाथ पर शान्ति धारा जनेश्वर प्रसाद व राजीव जैन परिवार की ओर से की गई। पर्व के सातवे दिन सामूहिक पूजा भगवान आदिनाथ, कुन्थनाथ, देवशास्त्र गुरु चौबीसी (24तीर्थंकर) पूजा की। पूजन में पारसनाथ जैन, वसु जैन, प्रसू जैन, संदीप जैन, जिनेश्वरदास जैन, नमन जैन, भगवान वर्धमान की वेदी पर शास्त्री दिवाकर जैन, भगवान आदिनाथ की वेदी पर राजीव जैन, सरजायती मंदिर में नेमिनाथ की वेदी पर देव शास्त्र गुरू पूजा, भगवान महावीर पूजन, भगवान आदिनाथ पूजन, श्री चन्द्रप्रभु पूजन, श्री नेमीनाथ पूजन राहुल जैन, श्री जैन, मीनाषी जैन, कुशमन्दनी जैन, ऋषभ जैन, प्रिंस जैन, स्नेहलता जैन, सतोष जैन, संजय जैन, नेहा जैन, अलका जैन, जितेंद्र जैन, संयम जैन, मीनाक्षी जैन, निशि जैन, प्रथम जैन, कुमकुम जैन, सुनीता जैन, निधि जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। दोपहर 3 बजे से सुगंध दशमी (धूप दशमी) की कथा शास्त्री दिवकार जैन ने सुनाते हुए बताया कि इस पवित्र दिन पर विशेष रूप से पांचों पापों (हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील व परिग्रह) का त्याग करने का संकल्प लिया जाता है। यश व पुण्य प्राप्ति धार्मिक कथाओं के अनुसार, सुगंध दशमी का व्रत व पूजन करने से अशुभ कर्मों का क्षय होता है, पुण्य का बंध होता है व व्यक्ति अपयश या अनर्गल निंदा से बचता है। समस्त समाज उपस्थित रहा।



## सूचना

मेरा पुत्र नूर अहमद व उसकी पत्नी अतिया हुसैन मेरे कहने सुनने में नहीं है और मेरा कहना नहीं मानते है। इसलिए मैने इन दोनों से अपने संबंध विच्छेद कर दिये है। दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**-फकरे आलम पुत्र मौ0 इशहाक अली, निवासी मौहल्ला नवाबगंज नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# मंत्री गणेश जोशी ने किया 2.10 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

**देहरादून ( चिंगारी )।** मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के विलासपुर कांडली में मुख्य मार्ग से विलासपुर एन्क्लेव तक मार्ग का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह कार्य उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा रुपये 210.61 लाख की लागत से करवाया जा रहा है। राज्य योजना के अंतर्गत जारी इस बजट से क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार का निरंतर प्रयास है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को बेहतर और सुगम सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना हैं और सरकार प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण एवं सुधार के कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि विलासपुर काड़ली में मुख्य मार्ग से विलासपुर एन्क्लेव तक



इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही क्षेत्र में सड़क सुविधा और आधारभूत ढांचे में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने और जनता को सुविधाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में आवश्यकतानुसार अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# साइबर अपराधों से कैसे करें स्वयं का बचाव छात्र-छात्राओं को बताये इसके उपाय

## पॉलीटेक्नीक में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत हल्दूखाता स्थित राजकीय पालिटेक्नीक में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित निजी कंम्प्यूटर संस्थान संस्थापक आशीष गौनियाल ने छात्र–छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करते समय थोड़ी सी असावधानी भी आर्थिक नुकसान और व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग का कारण बन सकती है। इसलिए सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को फिशिंग लिंक, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट, संदिग्ध मोबाइल एप्लीकेशन, पासवर्ड एवं ओटीपी की सुरक्षा, सोशल मीडिया सिक्योरिटी और क्यूआर कोड से होने वाली धोखाधड़ी आदि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को सलाह दी गई कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध एप्लीकेशन डाउनलोड करने अथवा किसी के साथ ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने साइबर अपराधों और ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका समाधान उदाहरणों के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स लेक्चरर सुदर्शन बाबा एवं भारत पाल सहित समस्त विद्यार्थी व शिक्षकगण मौजूद रहे।

# मथाणा के तीन गांवों में पेयजल की हो रही किल्लत आधा किलोमीटर दूर से लाकर पूरी कर रहे ज़रूरत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र की ग्रामसभा मथाणा के तीन राजस्व गांवों में पिछले चार माह से पेयजल संकट बना हुआ है। मथाणा पेयजल योजना ठप होने के कारण ग्रामीणों को करीब आधा किलोमीटर दूर स्रोतों से सिर पर पानी ढोकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। वहीं, पानी की आपूर्ति बाधित होने से ग्रामसभा स्थित प्राथमिक विद्यालय और जूनियर हाईस्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने पेयजल निगम पर शिकायत के बावजूद योजना की मरम्मत नहीं कराने का आरोप लगाया है।

दुगड्डा ब्लॉक के मथाणा तल्ला, मथाणा मल्ला और मथाणा बिचला गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गड़ेथ रौला में पेयजल योजना बनाई गई थी। इसके तहत मथाणा तक करीब आठ किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन बिछाई गई थी।जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2023 में 48.64 लाख रुपये की लागत से योजना जीर्णोद्धार किया गया। योजना के शुरू होने के बाद से ग्रामीणों के साथ ही दोनों विद्यालयों को भी नियमित पेयजल मिल रहा था। हालांकि, जून में शुरुआती बारिश के दौरान स्रोत के पास पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति बाधित हो गई। इसके बाद से योजना बंद पड़ी है। पानी की आपूर्ति ठप होने से तीनों गांवों के 80 परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान दीपिका बिष्ट और समाजसेवी संदीप बिष्ट ने बताया कि पेयजल निगम के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक योजना की मरम्मत नहीं हो सकी है।

## पेयजल निगम की जेई कहिन-

**वहीं इस संबंध में पेयजल निगम की जेई वंदना चौहान ने बताया कि बरसात के दौरान पहाड़ी से लगातार मलबा आने के कारण पेयजल लाइन की मरम्मत कराना संभव नहीं था। अब मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।**

# काम्प्लेक्स में आग लगने से हड़कम्प

## कमरे में फंसे परिवार को सुरक्षित निकाला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आज सुबह झंडा चौक स्थित एक काम्प्लेक्स में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। काम्प्लेक्स के ऊपर बने एक कमरे में रह रहे परिवार को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीम ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मॉर्निंग वॉक से लौट रहे लोगों ने आज सुबह झंडा चौक स्थित टूरिस्ट प्लाजा से धुआं उठते देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस और फायर स्टेशन को दी। इस दौरान काम्प्लेक्स की



छत पर बने कमरे में रह रहे लोगों ने हल्ला मचाया, जिस पर झंडा चौक में जूस का फड़ लगाने वाले कुलदीप ने अपनी जान की परवाह किए बगैर छत पर चढ़कर बच्चों को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान अन्य लोग भी छत पर पहुंच गए और सब ने मिलकर कमरे में रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाद में मौके पर पहुंचे अग्नि शमन विभाग की टीम और नगर निगम की टीम ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि काम्प्लेक्स में एक दुकान फल विक्रेता के पास है और वहां प्लास्टिक की कैरेट और गत्ते रखे हुए थे, जिनसे आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# मंत्री रेखा आर्या ने की 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम की समीक्षा



**देहरादून/उत्तरकाशी ( चिंगारी )।** 'सेवा का संकल्प' अभियान के तहत आगामी 25 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के सभी 1052 आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं, बच्चों एवं अभिभावकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ उपलब्ध कराया जाए। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र महिलाओं और बच्चों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के जरिए गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के साथ ही बच्चों के लिए रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# मो. अर्श व घनश्याम ने जीते मेडल



**धामपुर ( चिंगारी )।** एम.एस. ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ी मोहम्मद अर्श और घनश्याम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक जीता। बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद बिजनौर के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें एम.एस. ताइक्वांडो एकेडमी धामपुर के खिलाड़ी मोहम्मद अर्श और घनश्याम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने वाले मोहम्मद अर्श 1 अक्टूबर से 4 अक्टूबर इंदौर (मध्य प्रदेश) में होने वाली सब जूनियर नेशनल में प्रतिभाग करेंगे। अर्श के मेडल जीतने पर सभी जिले वासियों ने अर्श को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एम.एस. ताइक्वांडो एकेडमी धामपुर में कोच दीपिका सिंह व शिवानी सिंह की देखरेख में ट्रेनिंग ले रहा है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नवागत डीएम उमेश प्रताप सिंह ने संभाली बिजनौर की कमान

## गार्ड ऑफ ऑनर के बाद ग्रहण किया पदभार, जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवागत जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आज बिजनौर पहुंचकर जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कोषागार में आवश्यक अभिलेखों पर हस्ताक्षर करने के साथ उन्होंने औपचारिक रूप से जिले की कमान संभाली।



कलेक्ट्रेट पहुंचने पर नवागत जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, एसडीएम सदर और कोषाधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम उमेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। महात्मा विदुर सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण और शासन की प्राथमिकताएं उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास रहेगा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से समाधान किया जाए।

# बिलासपुर मार्ग क्षतिग्रस्त अधिकारी मौन, ग्रामीण त्रस्त

**चंदक ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव बहादरपुर जट से बिलासपुर को जोड़ने वाला मार्ग पिछले करीब दो माह से क्षतिग्रस्त पड़ा है। लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। गांव के निकास के पास बरसात के दौरान तालाब के ऊफनने के बाद पानी के कटाव से सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया था जो बड़े नाले में तब्दील हो गया है। इसके बाद से मार्ग पर आवागमन प्रभावित है। मार्ग बाधित होने का असर सिर्फ बिलासपुर के ग्रामीणों पर ही नहीं, बल्कि नारायणपुर, गैबलीपुर सहित आसपास के कई गांवों के लोगों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन बताया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से परेशानी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर मार्ग को आवागमन के लिए सुचारु कराने की मांग की है।



## तहसील में लेखपालों ने किया अतिरिक्त क्षेत्र के कार्यों का बहिष्कार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर वर्षों से लंबित चली आ रही विभिन्न मांगों को लेकर पर मंगलवार को प्रदेशभर की तहसीलों में लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्रों का बहिष्कार शुरू कर दिया। इसी क्रम में तहसील नजीबाबाद के लेखपालों ने भी अतिरिक्त क्षेत्रों के बस्ते रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में जमा कराकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया। लेखपाल संघ की प्रमुख मांगों में लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित कर 2800 ग्रेड पे किए जाने, स्टेशनरी भत्ता 200 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये करने, साइकिल भत्ते के स्थान पर 1500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता दिए जाने, लेखपालों के अंतरमंडलीय स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने तथा वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। लेखपालों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और कई बार शासन स्तर पर इनके समाधान की मांग उठाई जा चुकी है। अब प्रदेश संगठन के आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इस मौके पर तहसील नजीबाबाद लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष लेशवंत कुमार, तहसील मंत्री दीपक कुमार, जिला मंत्री गौरव कुमार, वीरेंद्र अवस्थी, आयुष पाराशर, सतवीर सिंह, राजवीर सिंह, विजय, अनुज कुमार, सागर कुमार, वसीम अहमद सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान से पेड़ काट लिये

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम कासमपुर लेखराज में ग्राम समाज और कब्रिस्तान की जमीन में खड़े पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। दावा है कि आरोपियों ने शीशम के पेड़ सहित करीब 5 पेड़ काटे है।



निवासी तहसीन पुत्र तसलीम अहमद ने कासमपुर लेखराज में 0.0250 हेक्टेयर जमीन कब्रिस्तान के नाम दर्ज है। इस जमीन पर करीब 40-45 साल पुराने आम और शीशम के पेड़ लगे थे।आरोप है कि कुछ लोगों ने आम के 4 हरे पेड़ काटकर बेच दिए हैं। इससे पहले भी उन्होंने 50 साल पुराना एक हरा शीशम का पेड़ काटा था।वन विभाग के डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने जांच कराने की बात कही है।





